सिद्ध गुणों की भक्ति का करके कायोत्सर्ग।
आलोचन उसका करूँ, ले प्रभु तव संसर्ग॥ 1॥

समदर्शन से, साम्य बोध से समचारित से युक्त हुए।
शिष्ट धर्म से पुष्ट हुए जो अष्ट कर्म से मुक्त हुए॥
सम्यक्त्वादिक अष्ट गुणों से मुख्य रूप से विलस रहे।
ऊर्ध्व स्वभावी बने तुरत जा, लोक शिखर पर निवस रहे॥ 2॥

विगत अनागत आगत के यूँ कुछ तो तप से सिद्ध हुए।
कुछ संयम से कुछ तो नय से कुछ चारित से सिद्ध हुए॥
भाव भक्ति से चाव शक्ति से निर्मल कर-कर निज मन को।
पूजूँ वन्दू अर्चन कर लूँ नमन करूँ सब सिद्धन को॥ 3॥

कष्ट दूर हो, कर्म चूर हो बोधि लाभ हो सद्गति हो।
वीर-मरण हो, जिनपद मुझको मिले सामने सन्मति ओ!॥4॥

❑❑❑

चारित्रभक्ति

त्रिभुवन के जो इन्द्र बने हैं सजे-धजे आभरणों से।
हीरक-हारों कनक कुण्डलों किरीट-मणिमय किरणों से॥
जिससे मुनियों ने निज-पद में झुका लिए इन इन्द्रों को।
पूज्य पञ्च-आचार उसे मैं, वन्दूँ कह दूँ भविकों को॥ 1॥

शब्द, अर्थ औ उभय विकल ना यथाकाल उपधान तथा।
गुरु निह्नव ना बहुमति होना यथायोग्य सम्मान कथा॥
महाजाति कुल रजनीपति से, तीर्थकरों ने समझाया।
वसुविध ज्ञानाचार नमूँ मैं कर्म नष्ट हो मन भाया॥ 2॥

जिनमत-शंका परमत-शंसा विषयों की भी चाह नहीं।
सहधर्मी में वत्सलता हो साधु संत से डाह नहीं॥
जिनशासन को करो उजागर, पथ च्युत को पथ पर लाना।
नमूँ दर्शनाचार नम्र हो उपगूहन में रस आना॥ 3॥

नियमों से चर्या को बाँधे अनशन ऊनोदर करना।
इन्द्रिय गज-मदमत्त बने ना रसवर्जन बहुतर करना॥
शयनासन एकान्त जहाँ हो और तपाना निज तन को।
बाह्य हेतु शिव के छह तप इनकी थुति में रखता मन को॥ 4॥

करे ध्यान स्वाध्याय विनय भी तनूत्सर्ग भी सदा करे।
वृद्ध रुग्ण लघु गुरु यतियों के नित तन-मन की व्यथा हरे॥

दोष लगे तो तुरत दण्ड ले बने शुद्ध तप हैं प्यारे।
कषायरिपु के हनक, भीतरी इन्हें नमूँ बुध उर धारे॥ 5॥

जिसके लोचन सत्य बोध हैं आस्था जिसकी जिनमत में।
बिना छुपाये निज बल यति का तपना चलना शिव-पथ में॥
अछिद्र नौका-सम भव-दधि से शीघ्र कराता पार यहाँ।
नमूँ वीर्य-आचार इसे मैं बुध अर्चित गुण सार महा॥ 6॥

तीन गुप्तियाँ मन-वच-तन की, तथा महाव्रत पाँच सहीं।
ईर्या, भाषा, क्षेपण, एषण आदि समितियाँ पाँच रहीं॥
अपूर्व तेरह विध चारित है मात्र वीर के शासन में।
भाव भक्ति से पूर्ण शक्ति से इसे नमन हो क्षण-क्षण में॥ 7॥

शाश्वत स्वाश्रित सुषमा लक्ष्मी अनुपम सुख की आली है।
केवल दर्शन-बोध ज्योति है मनोरमा उजयाली है॥
उसको पाने दिगम्बरों को सब यतियों को नमन करूँ।
परम तीर्थ आचार यही है मंगल से अघ शमन करूँ॥ 8॥

पाप पुराना मिटता नूतन रुकता आना हो जिससे।
ऋद्धि सिद्धि परसिद्धि ऋषी में, बढ़े चरित से औ किससे?
प्रमाद वश यदि इस यतिपन में यतिपन से प्रतिकूल किया।
करता निज की निन्दा निन्दित मिथ्या हो अघ मूल क्रिया॥ 9॥

निकट भव्य हो एकलव्य हो दूर पाप से आप रहे।
केवल शिव सुख के यदि इच्छुक भव-दुःखों से काँप रहे॥
जैन-चरित सोपान मोक्ष का विशालतम है अतुल रहा।
आरोहण तुम इस पर कर लो आत्म तेज जब विपुल रहा॥ 10॥

अञ्चलिका

दोहा

महाचरित वर भक्ति का करके कायोत्सर्ग।
आलोचन उसका करूँ ले प्रभु! तव संसर्ग॥ 1॥

सब में जिसको प्रधान माना कोई जिसके समा नहीं।
कर्म निर्जरा जिसका फल है जिसका भोजन क्षमा रही॥
समकित पर जो टिका हुआ है सत्य बोध को साथ लिया।
ज्ञान-ध्यान का साधनतम है रहा मोक्ष का पाथ जिया॥ 2॥
गुप्ति तीन से रहा सुरक्षित महाव्रतों का धारक है।
पाँच समितियों का पालक है पातक का संहारक है॥
जिससे संयत साधु सहज ही समता में है रम जाता।
सुनो! महा चारित्र यही है 'ज्ञानोदय' निशि दिन गाता॥ 3॥
अहो भाग्य है महाचरित को तन से मन से वचनों से।
वन्दूँ पूजूँ अर्चन कर लूँ नमन करूँ दो नयनों से॥
कष्ट दूर हो कर्म चूर हो बोधि लाभ हो सद्गति हो।
वीर मरण हो, जिनपद मुझको,मिले सामने सन्मति ओ!॥ 4॥

❑❑❑

योगिभक्ति

नरक–पतन से भीत हुए हैं जाग्रत–मति हैं मथित हुए।
जनन–मरण–मय शत–शत रोगों,से पीड़ित हैं व्यथित हुए॥
बिजली बादल–सम वैभव है जल–बुदबुद–सम जीवन है।
यूँ चिन्तन कर प्रशम हेतु मुनि वन में काटे जीवन है॥ 1॥

गुप्ति–समिति–व्रत से संयुत जो मन शिव–सुख की ओर रहा।
मोहभाव के प्रबल–पवन से जिनका मन ना डोल रहा॥
कभी ध्यान में लगे हुए है श्रुत–मन्थन में लीन कभी।
कर्म–मलों को धोना है सो तप करते स्वाधीन सुधी॥ 2॥

रवि–किरणों से तपी शिला पर सहज विराजे मुनिजन हैं।
विधि–बन्धन को ढीले करते जिनका मटमैला तन है॥
गिरि पर चढ़ दिनकर के अभिमुख, मुख करके हैं तप तपते।
ममत्व मत्सर मान रहित हो बने दिगम्बर–पथ नपते॥ 3॥

दिवस रहा हो रात रही हो बोधामृत का पान करें।
क्षमा नीर से सिंचित जिनका पुण्यकाय छविमान अरे!
धरें छत्र संतोष – भाव के सहज छाँव का दान करें।
यूँ सहते मुनि तीव्र–ताप को 'ज्ञानोदय' गुणगान करें॥ 4॥

मोर कण्ठ या अलि-सम काले इन्द्रधनुष युत बादल हैं।
गरजे बरसे बिजली तड़की झंझा चलती शीतल है॥
गगन दशा को देख निशा में और तपोधन तरुतल में।
रहते, सहते,कहते कुछ ना भीति नहीं मानस-तल में॥ 5॥

वर्षा ऋतु में जल की धारा मानो बाणों की वर्षा।
चलित चरित से फिर भी कब हो करते जाते संघर्षा॥
वीर रहे नर-सिंह रहे मुनि परिषह रिपु को घात रहे।
किन्तु सदा भव-भीत रहे हैं इनके पद में माथ रहे॥ 6॥

अविरल हिमकण जल से जिनकी काय-कान्ति ही चली गई।
साँय-साँय कर चली हवाएँ, हरियाली सब जली गई॥
शिशिर तुषारी घनी निशा को व्यतीत करते श्रमण यहाँ।
और ओढ़ते धृति-कम्बल हैं गनन तले भूशयन अहा!॥ 7॥

एक वर्ष में तीन योग ले बने पुण्य के वर्धक हैं।
बाह्याभ्यन्तर द्वादश-विध तप तपते हैं मद-मर्दक हैं॥
परमोत्तम आनन्द मात्र के प्यासे भदन्त ये प्यारे।
आधि-व्याधि औ उपाधि-विरहित समाधि हममें बस डारे॥ 8॥

ग्रीष्मकाल में आग बरसती गिरि-शिखरों पर रहते हैं।
वर्षा-ऋतु में कठिन परीषह तरुतल रहकर सहते हैं॥

तथा शिशिर हेमन्त काल में बाहर भू-पर सोते हैं।
वन्द्य साधु ये वन्दन करता दुर्लभ-दर्शन होते हैं॥ 9॥

अञ्चलिका

दोहा

योगीश्वर सद्भक्ति का करके कायोत्सर्ग।
आलोचन उसका करूँ ले प्रभु! तव संसर्ग॥ 1॥

अर्ध सहित दो द्वीप तथा दो सागर का विस्तार जहाँ।
कर्म-भूमियाँ पन्द्रह जिनमें संतों का संचार रहा॥
वृक्षमूल-अभ्रावकाश औ आतापन का योग धरें।
मौन धरें वीरासन आदिक, का भी जो उपयोग करें॥ 2॥
बेला, तेला, चोला, छह-ला, पक्ष, मास, छह मास तथा।
मौन रहें उपवास करें है करें न तन की दास कथा॥
भाव-भक्ति से चाव-शक्ति से निर्मल कर-कर निज मन को।
वन्दूँ, पूजूँ अर्चन कर लूँ नमन करूँ इन मुनिजन को॥ 3॥
कष्ट दूर हो, कर्म चूर हो, बोधि लाभ हो, सद्गति हो।
वीर मरण हो, जिनपद मुझको, मिले सामने सन्मति ओ!॥4॥

❑❑❑

आचार्यभक्ति

सिद्ध बने शिव-शुद्ध बने जो जिन की थुति में निरत रहे।
दावा-सम अति-कोप अनल को शान्त किये अति-विरत रहे॥
मनो-गुप्ति के वचन-गुप्ति के काय-गुप्ति के धारक हैं।
जब जब बोलें सत्य बोलते भाव शुद्ध-शिव साधक हैं॥ 1॥

दिन दुगुणी औ रात चउगुणी मुनि पद महिमा बढ़ा रहे।
जिन शासन के दीप्त दीप हो और उजाला दिला रहे॥
बद्ध-कर्म के गूढ़ मूल पर घात लगाते कुशल रहे।
ऋद्धि सिद्धि परसिद्धि छोड़कर शिवसुख पाने मचल रहे॥ 2॥

मूलगुणों की मणियों से है जिनकी शोभित देह रही।
षड् द्रव्यों का निश्चय जिनको जिनमें कुछ संदेह नहीं॥
समयोचित आचरण करे हैं प्रमाद के जो शोषक हैं।
समदर्शन से शुद्ध बने हैं निज गुण तोषक, पोषक हैं॥ 3॥

पर-दुःख-कातर सदय हृदय जो मोह-विनाशक तप धारे।
पञ्च-पाप से पूर्ण परे हैं पले पुण्य में जग प्यारे॥
जीव जन्तु से रहित थान में वास करे निज कथा करें।
जिनके मन में आशा ना है दूर कुपथ से तथा चरें॥ 4॥

बड़े-बड़े उपवासादिक से दण्डित ना बहुदण्डों से।
सुडौल सुन्दर तन मन से हैं मुख-मण्डल कर-डण्डों से॥

जीत रहे दो-बीस परीषह किरिया करने योग्य करे।
सावधान संधान ध्यान से प्रमाद हरने योग्य, हरे॥ 5॥

नियमों में हैं अचल मेरुगिरि कन्दर में असहाय रहे।
विजितमना हैं जित-इन्द्रिय हैं जितनिद्रक जितकाय रहे॥
दुस्सह दुखदा दुर्गति-कारण लेश्याओं से दूर रहे।
यथाजात हैं, जिन के तन है जल्ल-मल्ल से पूर रहे॥ 6॥

उत्तम-उत्तम भावों से जो भावित करते आतम को।
राग लोभ मात्सर्य शाठ्य मद को तजते हैं अघतम को॥
नहीं किसी से तुलना जिनकी जिनका जीवन अतुल रहा।
सिद्धासन मन जिनके चलता आगम मन्थन विपुल रहा॥ 7॥

आर्तध्यान से, रौद्रध्यान से पूर्णयत्न से विमुख रहे।
धर्मध्यान में, शुक्लध्यान में यथायोग्य जो प्रमुख रहे॥
कुगति मार्ग से दूर हुए हैं 'सुगति' ओर गतिमान हुए।
सात ऋद्धि रस गारव छोड़े पुण्यवान गणमान्य हुए॥ 8॥

ग्रीष्म काल में गिरि पर तपते वर्षा में तरुतल रहते।
शीतकाल आकाश तले रह व्यतीत करते अघ दहते॥
बहुजन हितकर चरित धारते पुण्य पुञ्ज है अभय रहे।
प्रभावना के हेतुभूत हैं महाभाव के निलय रहे॥ 9॥

इस विध अगणित गुणगण से जो सहित रहे हितसाधक हैं।
हे जिनवर! तव भक्तिभाव में लीन रहे गणधारक हैं॥
अपने दोनों कर-कमलों को अपने मस्तक पर धरके।
उनके पद कमलों में नमता बार-बार झुक-झुक करके॥ 10॥

कषायवश कटु-कर्म किये थे जन्म मरण से युक्त हुए।
वीतरागमय आत्म-ध्यान से कर्म नष्ट कर मुक्त हुए॥
प्रणाम उनको भी करता हूँ अखण्ड अक्षय-धाम मिले।
मात्र प्रयोजन यही रहा है सुचिर काल विश्राम मिले॥ 11॥

अञ्चलिका

मुनिगण-नायक भक्ति का करके कायोत्सर्ग।
आलोचन उसका करूँ, ले प्रभु! तव संसर्ग॥ 1॥

पञ्चाचारों रत्नत्रय से शोभित हो आचार्य महा।
शिवपथ चलते और चलाते औरों को भी आर्य यहाँ॥
उपाध्याय उपदेश सदा दे चरित बोध का शिवपथ का।
रत्नत्रय पालन में रत हो साधु सहारा जिनमत का॥ 2॥

भावभक्ति से चाव शक्ति से निर्मल कर-कर निज मन को।
वन्दूँ, पूजूँ, अर्चन करलूँ नमन करूँ मैं गुरुगण को॥
कष्ट दूर हो, कर्म चूर हो बोधिलाभ हो सद्गति हो।
वीर-मरण हो जिनपद मुझको मिले सामने सन्मति ओ!॥ 3॥

पञ्चमहागुरुभक्ति

सुरपति शिर पर किरीट धारा, जिसमें मणियाँ कई हजारा।
मणि की द्युति-जल से धुलते हैं, प्रभु पद-नमता सुख फलते हैं॥ 1॥

सम्यक्त्वादिक वसु-गुण धारे,वसु-विध विधि-रिपु नाशन-हारे।
अनेक-सिद्धों को नमता हूँ, इष्ट-सिद्धि पाता समता हूँ॥ 2॥

श्रुत-सागर को पार किया है, शुचि संयम का सार लिया है।
सूरीश्वर के पदकमलों को, शिर पर रख लूँ दुःख-दलनों को॥ 3॥

उन्मार्गी के मद-तम हरते, जिनके मुख से प्रवचन झरते।
उपाध्याय ये सुमरण कर लूँ, पाप नष्ट हो सु-मरण कर लूँ॥ 4॥

समदर्शन के दीपक द्वारा, सदा प्रकाशित बोध सुधारा॥
साधु चरित के ध्वजा कहाते, दे-दे मुझको छाया तातैं॥ 5॥

विमल गुणालय-सिद्धजिनों को, उपदेशक मुनि-गणी गणों को॥
नमस्कार पद पञ्च इन्हीं से, त्रिधा नमूँ शिव मिले इसी से॥ 6॥

नमस्कार वर मन्त्र यही है, पाप नसाता देर नहीं है।
मंगल-मंगल बात सुनी है, आदिम मंगल-मात्र यही है॥ 7॥

सिद्ध शुद्ध हैं जय अरहन्ता, गणी पाठका जय ऋषि संता।
करें धरा पर मंगल साता, हमें बना दें शिव सुख धाता॥ 8॥

सिद्धों को जिनवर चन्द्रों को, गण नायक पाठक वृन्दों को।
रत्नत्रय को साधु जनों को, वन्दूँ पाने उन्हीं गुणों को॥ 9॥

सुरपति चूड़ामणि-किरणों से, लालित सेवित शतों दलों से।
पाँचों परमेष्ठी के प्यारे, पादपद्म ये हमें सहारे॥10॥

महाप्रतिहार्यों से जिनकी, शुद्ध गुणों से सुसिद्ध गण की।
अष्ट मातृकाओं से गणि की, शिष्यों से उपदेशक गण की॥
वसु विध योगांगों से मुनि की, करूँ सदा थुति शुचि से मन की॥ 11॥

अञ्चलिका

पञ्चमहागुरु भक्ति का करके कायोत्सर्ग।
आलोचन उसका करूँ, ले प्रभु तव संसर्ग॥ 1॥

लोक शिखर पर सिद्ध विराजे अगणित गुणगण मण्डित हैं।
प्रातिहार्य आठों से मण्डित जिनवर पण्डित-पण्डित हैं॥
पञ्चाचारों रत्नत्रय से शोभित हो आचार्य महा।
शिव पथ चलते और चलाते औरों को भी आर्य यहाँ॥ 2॥
उपाध्याय उपदेश सदा दे चरित बोध का शिव पथ का।
रत्नत्रय पालन में रत हो साधु सहारा जिनमत का॥
भाव भक्ति से चाव शक्ति से निर्मल कर-कर निज मन को।
वंदूँ पूजूँ अर्चन कर लूँ नमन करूँ मैं गुरुगण को॥ 3॥
कष्ट दूर हो कर्म चूर हो बोधि लाभ हो सद्गति हो।
वीर-मरण हो जिनपद मुझको मिले सामने सन्मति ओ!॥4॥

शान्तिभक्ति

नहीं स्नेह वश तव पद शरणा गहते भविजन पामर हैं।
यहाँ हेतु है बहु दुःखों से भरा हुआ भवसागर है॥
धरा उठी जल, ज्येष्ठ काल है भानु उगलता आग कहीं।
करा रहा क्या छाँव शशी के जल के प्रति अनुराग नहीं?॥ 1॥

कुपित कृष्ण अहि जिसको डंसता फैला हो वह विष तन में।
विद्या औषध हवन मन्त्र जल से मिट सकता है क्षण में॥
उसी भाँति जिन तुम पद-कमलों की थुति में जो उद्यत है।
पाप शमन हो रोग नष्ट हो चेतन तन के संगत है॥ 2॥

कनक मेरु आभा वाले या तप्त कनक की छवि वाले।
हे जिन! तुम पद नमते मिटते दुस्सह दुःख हैं शनि वाले॥
उचित रहा रवि उषाकाल में उदार उर ले उगता है।
बहुत जनों के नेत्रज्योति-हर सघन तिमिर भी भगता है॥ 3॥

सब पर विजयी बना तना है नाक-मरोड़ा दम तोड़ा।
देवों देवेन्द्रों को मारा नरपति को भी ना छोड़ा॥
दावा बन कर काल घिरा है उग्र रूप को धार घना।
कौन बचावे? हमें कहो जिन! तव पद थुति नद-धार बिना॥

लोकालोकालोकित करते ज्ञानमूर्ति हो जिनवर हे!।
बहुविध मणियाँ जड़ी दण्ड में तीन छत्र शित तुम सर पे॥
हे जिन! तव पद-गीत धुनी सुन रोग मिटे सब तन-मन के।
दाढ़-उघाड़े सिंह दहाड़े गज-मद गलते वन-वन के॥ 5॥

तुम्हें देवियाँ अथक देखती विभव मेरु पर तव गाथा।
बाल भानु की आभा हरता मण्डल तव जन-जन भाता॥
हे जिन! तव पद थुति से ही सुख मिलता निश्चय अटल रहा।
निराबाध नित विपुल सार है अचिंत्य अनुपम अटल रहा॥ 6॥

प्रकाश करता प्रभा पुञ्ज वह भास्कर जब तक ना उगता।
सरोवरों में सरोज दल भी तब तक खिलता ना जगता॥
जिसके मानस-सर में जब तक जिनपद पंकज ना खिलता।
पाप-भार का वहन करे वह भ्रमण भवों में ना टलता॥ 7॥

प्यास शान्ति की लगी जिन्हें है तव पद का गुण गान किया।
शान्तिनाथ जिन शान्त भाव से परम शान्ति का पान किया॥
करुणाकर! करुणा कर मुझको प्रसन्नता में निहित करो।
भक्तिमग्न है भक्त आपका दृष्टि-दोष से रहित करो॥ 8॥

शरद शशी सम शीतल जिनका नयन मनोहर आनन है।
पूर्ण शील के व्रत संयम के अमित गुणों के भाजन है॥
शत वसु लक्षण से मण्डित है जिनका औदारिक तन है।
नयन कमल हैं जिनवर जिनके शान्तिनाथ को वन्दन है॥ 9॥

चक्रधरों में आप चक्रधर पञ्चम हैं गुण मंडित हैं।
तीर्थकरों में सोलहवें जिन सुर-नरपति से वंदित हैं॥
शान्तिनाथ हो विश्वशान्ति हो भाँति-भाँति की भ्रान्ति हरो।
प्रणाम ये स्वीकार करो लो किसी भाँति मुझ कान्ति भरो॥ 10॥

दुंदुभि बजते पुष्प बरसते, आतप हरते चामर ढुरते।
भामण्डल की आभा भारी, सिंहासन की छटा निराली॥
अशोक तरु सो शोक मिटाता, भविक जनों से ढोक दिलाता।
योजन तक जिन घोष फैलता, समवसरण में तोष तैरता॥ 11॥

झुका-झुका कर मस्तक से मैं शान्तिनाथ को नमन करूँ।
देव जगत भूदेव जगत से वन्दित पद में रमण करूँ॥
चराचरों को शान्तिनाथ वे परम शान्ति का दान करें।
थुति करने वाले मुझमें भी परम तत्त्व का ज्ञान भरें॥ 12॥

पहने कुण्डल मुकुट हार हैं सुर हैं सुरगण पालक हैं।
जिनसे निशि-दिन पूजित अर्चित जिनपद भवदधि तारक हैं॥

विश्व विभासक-दीपक हैं जिन विमलवंश के दर्पण हैं।
तीर्थङ्कर हो शान्ति विधायक यही भावना अर्पण है॥ 13॥

भक्तों को भक्तों के पालन-हारों को औ यक्षों को।
यतियों-मुनियों-मुनीश्वरों को तपोधनों को दक्षों को॥
विदेश-देशों उपदेशों को पुरों गोपुरों नगरों को।
प्रदान कर दें शान्ति जिनेश्वर विनाश कर दें विघ्नों को॥ 14॥

क्षेम प्रजा का सदा बली हो धार्मिक हो भूपाल फले।
समय-समय पर इन्द्र बरस ले व्याधि मिटे भूचाल टले॥
अकाल, दुर्दिन, चोरी आदिक कभी रोग ना हो जग में।
धर्मचक्र जिनका हम सबको सुखद रहे सुर शिव मग में॥15॥

ध्यान शुक्ल के शुद्ध अनल से घातिकर्म को ध्वस्त किया।
पूर्णबोध-रवि उदित हुआ सो भविजन को आश्वस्त किया॥
वृषभदेव से वर्धमान तक चार-बीस तीर्थङ्कर हैं।
परम शान्ति की वर्षा जग में यहाँ करें क्षेमंकर हैं॥ 16॥

अञ्चलिका

दोहा

पूर्ण शान्ति वर भक्ति का करके कायोत्सर्ग।
आलोचन उसका करूँ, ले प्रभु! तव संसर्ग॥ 1॥

पञ्चमहाकल्याणक जिनके जीवन में हैं घटित हुए।
समवसरण में महा दिव्य वसु प्रातिहार्य से सहित हुए॥
नारायण से, रामचन्द्र से छहखण्डों के अधिपति से।
यति अनगारों ऋषि मुनियों से पूजित जो हैं गणपति से॥ 2॥

वृषभदेव से महावीर तक महापुरुष मंगलकारी।
लाखों स्तुतियों के भाजन हैं तीस-चार अतिशयधारी॥
भक्तिभाव से चाव शक्ति से निर्मल कर-कर निज मन को।
वन्दूँ पूजूँ अर्चन कर लूँ नमन करूँ मैं जिनगण को॥ 3॥

कष्ट दूर हो कर्म चूर हो बोधि लाभ हो सद्गति हो।
वीर-मरण हो जिनपद मुझको मिले सामने सन्मति ओ॥ 4॥

❑❑❑

निर्वाणभक्ति

अतुल रहा है अचल रहा है विपुल रहा है विमल रहा।
निरा निरामय निरुपम शिवसुख मिला वीर को सबल रहा॥
नर-नागेन्द्रों खगपतियों से, अमरेन्द्रों से वन्दित हैं।
भूतेन्द्रों से, यक्षेन्द्रों से, कुबेर से अभिनन्दित हैं॥ 1॥

औरों का वह भाग्य कहाँ है पाँच-पाँच कल्याण गहे।
भविक जनों को तुष्टि दिलाते वर्धमान वरदान रहे॥
तीन लोक के आप परमगुरु पाप मात्र से दूर रहे।
स्तवन करूँ तव भाव-भक्ति से पुण्य भाव भरपूर रहे॥ 2॥

दीर्घ दिव्य सुख-भोग भोगते पुष्पोत्तर के स्वामी हो।
आयु पूर्णकर अच्युत से च्युत हो शिवसुख परिणामी हो॥
आषाढ़ी के शुक्लपक्ष की छटी-छठी तिथि में उतरे।
हस्तोत्तर के मध्य शशी है नभ में तारकगण बिखरे॥ 3॥

विदेहनामा कुण्डपुरी है, प्रतिभा-रत इस भारत में।
प्रियंकारिणी देवी त्रिशला सेवारत सिद्धारथ में॥
शुभफल देने वाले सोलह स्वप्नों को तो दिया दिखा।
वैभवशाली यहाँ गर्भ में बालक आया 'दीया' दिखा॥ 4॥

चैत्र मास है, शुक्लपक्ष है, तेरस का शुभ दिवस रहा।
महावीर का धीर वीर का जनम हुआ यश बरस रहा॥
तभी उत्तरा फाल्गुनि पर था शशांक का भी संग रहा।
शेष सौम्य ग्रह निज उत्तम पद, गहे लग्न भी चंग रहा॥ 5॥

अगला दिन वह चतुर्दशी का हस्ताश्रित है सोम रहा।
उषाकाल से प्रथम याम में, शान्त-शान्त भू-व्योम रहा॥
पाण्डुक की शुचि मणी शिला पर, बिठा वीर को इन्द्रों ने।
न्हवन कराया रत्नघटों से, देखा उसको देवों ने॥ 6॥

तीन दशक तक कुमार रहकर अनन्त गुण से खिले हुए।
भोगों उपभोगों को भोगा देवों से जो मिले हुए॥
तभी यकायक उदासीन से अनासक्त हो विषयों से।
और वीर ये सम्बोधित हो ब्रह्मलोक के ऋषियों से॥ 7॥

झालर, झूमर, मणियाँ, लटकी झरझुर-झरझुर रूपवती।
'चन्द्रप्रभा' यह दिव्य पालिका रची हुई बहुकूटवती॥
वीर हुये आरूढ़ इसी पर कुण्डपुरी से निकल गए।
वीतराग को राग देखता जन-जन परिजन विकल हुए॥ 8॥

मगसिर का यह मास रहा है और कृष्ण का पक्ष रहा।
यथा जन्म में हस्तोत्तर के मध्य शशी अध्यक्ष रहा॥

दशमी का मध्याह्न काल है बेला का संकल्प किया।
वीर आप जिन बने दिगम्बर मन को चिर अविकल्प किया॥ 9॥

ग्राम नगर में प्रतिपट्टण में पुर-गोपुर में गोकुल में।
अनियत विहार करते प्रतिदिन निर्जन जन-जन संकुल में॥
द्वादश वर्षों द्वादश विध तप उग्र-उग्रतर तपते हैं।
अमर समर सब जिन्हें पूजते कष्टों में ना कँपते हैं॥ 10॥

ऋजुकूला सरिता के तट पर बसा जृंभिका गाँव रहा।
शिला बिछी है सहज सदी से शाल वृक्ष की छाँव जहाँ॥
खड़े हुये मध्याह्न काल में दो दिन के उपवास लिए।
आत्मध्यान में लीन हुए हैं तन का ना अहसास किए॥ 11॥

तिथि दशमी वैशाख मास है शुक्लपक्ष का स्वागत है।
हस्तोत्तर के मध्य शशी है शान्त कान्ति से भास्वत है॥
क्षपक श्रेणी पर वीर चढ़ गए निर्भय हो भव-भीत हुए।
घाति-घात कर दिव्य बोध को, पाए मृदु नवनीत हुए॥ 12॥

नयन मनोहर हर दिल हरते हर्षित हो प्रति अंग यहाँ।
महावीर वैभारगिरी पर लाए चउविध संघ महा॥
श्रमण-श्रमणियाँ तथा श्राविका-श्रावकगण सागारों में।
गौतम गणधर प्रमुख रहे हैं ऋषि यति मुनि अनगारों में॥ 13॥

दुम-दुम-दुम-दुम दुंदुभि बजना दिव्य ध्वनी का वह खिरना।
सुरभित सुमनावलि का गिरना चउसठ चामर का ढुरना॥
तीन छत्र का सर पर फिरना औ भामण्डल का घिरना।
स्फटिक मणी का सिंहासन सो अशोक तरु का भी तनना।
समवशरण में प्रातिहार्य का हुआ वीर को यूँ मिलना॥ 14॥

सागारों को ग्यारह प्रतिमाओं का है उपदेश दिया।
अनगारों को क्षमादि दशविध धर्मों का निर्देश दिया॥
इस विध धर्मामृत की वर्षा करते विहार करते हैं।
तीस वर्ष तक वीर निरन्तर जग का सुधार करते हैं॥ 15॥

कई सरोवर परिसर जिनमें भाँति-भाँति के कमल खिले।
तरह-तरह के लघु-गुरु तरुवर फूले महके सफल फले॥
अमर रमें रमणीय मनोहर पावानगरी उपवन में।
बाह्य खड़े जिन तनूत्सर्ग में भीतर में तो चेतन में॥ 16॥

कार्तिक का यह मास रहा है तथा कृष्ण का पक्ष रहा।
कृष्ण पक्ष की अन्तिम तिथि है स्वाती का तो ऋक्ष रहा॥
शेष रहे थे चउकर्मों को वर्द्धमान ने नष्ट किया।
अजरअमर बन अक्षयसुख से आतम को परिपुष्ट किया॥ 17॥

प्राप्त किया निर्वाण दशा को वीर चले शिव-धाम गए।
ज्ञात किया बस इन्द्र उतरते धरती पर जिन नाम लिए॥

धरती दुर्लभ देवदारु है स्वर्ग सुलभ लहु-चन्दन है।
कालागुरु गोशीर्ष साथ है लाये सुरभित नन्दन है॥ 18॥

धूप फलों से जिनवर तन का गणधर का अर्चन करके।
अनलेन्द्रों के मुकुट अनल से जला वीर तन पल भर में॥
वैमानिक सुर तो स्वर्गों में ज्योतिष नभ में यानों में।
व्यन्तर बिखरे निज-निज वन में शेष गये बस भवनों में॥ 19॥

इस विध दोनों संध्याओं में तन से मन से भाषा से।
वर्द्धमान का स्तोत्र - पाठ जो करते हैं बिन आशा से॥
देव लोक में मनुज लोक में अनन्य दुर्लभ सुख पाते।
और अन्त में शिवपद पाते किन्तु लौटकर ना आते॥ 20॥

गणधर देवों श्रुतपारों व तीर्थकरों के 'अन्त' जहाँ।
वहीं बनी निर्वाणभूमियाँ भारत सो यशवन्त रहा॥
शुद्ध वचन से, मन से, तन से नमन उन्हें शत बार करूँ।
स्तवन उन्हीं का करूँ आज मैं बार-बार जयकार करूँ॥ 21॥

प्रथम तीर्थकर महामना वे पूर्ण-शील से युक्त हुए।
शैल-शिखर कैलाश जहाँ पर कर्म-काय से मुक्त हुए॥
चम्पापुर में वासुपूज्य ये परम पूज्य पद पाए हैं।
राग-रहित हो बन्ध-रहित हो शुद्ध चेतना लाए हैं॥ 22॥

जिसको पाने देवलोक में, इन्द्र-देव सब तरस रहे।
साधु गवेषक बने उसी के, उसी हेतु मन हरष रहे॥
ऊर्जयन्त गिरनारगिरी पर उसी मोक्ष को साध लिया।
अरिष्टनेमि ने कर्म नष्टकर सिद्धि साधु का स्वाद लिया॥ 23॥

पावापुर के बाहर आते विशाल उन्नत थान रहा।
जिसको घेरे कमल-सरोवर नन्दन-सा छविमान रहा॥
'यहीं' पाप धो धवलिम होकर वर्धमान निर्वाण गहे।
वन्दूँ पूजूँ अर्चन कर लूँ 'ज्ञानोदय' गुणखान रहे॥ 24॥

मोह मल्ल को जीत लिया जो बीस तीर्थकर शेष रहे।
ज्ञान-भानु से किया प्रकाशित त्रिभुवन को अनिमेष रहे॥
तीर्थराज सम्मेदाचल पर योगों का प्रतिकार किया।
असीम सुख में डूब गये फिर भवसागर का पार लिया॥ 25॥

योग-रोक कर चउदह दिन तक वृषभदेव फिर मुक्त हुए।
वर्द्धमान को लगे दिवस दो अयोग बनकर गुप्त हुए॥
शेष तीर्थकर तनूत्सर्ग में एक मास तक शान्त रहे।
सयोगपन तज अयोगगुण पा लोकशिखर का प्रान्त गहे॥ 26॥

वचनमयी थुति कुसुमों से शुभ मालाओं को बना-बना।
मानस-कर से दिशा-दिशा में बिखराएँ हम हर्ष मना॥
इन तीर्थों की परिक्रमा भी सादर सविनय सदा करे।
यही प्रार्थना किन्तु करें हम सिद्धि मिले आपदा हरे॥ 27॥

पक्षपात तज कर्मपक्ष पर पाण्डव तीनों टूट पड़े।
शत्रुंजयगिरि पर शत्रुंजय बने बन्ध से छूट पड़े॥
तुंगीगिरि पर अंग-रहित हो राम सदा अभिराम बने।
नदी तीर पर स्वर्णभद्र मुनि बने सिद्ध विधिकाम हने॥ 28॥

सिद्धकूट वैभार तुंग पर श्रमणाचल विपुलाचल में।
पावन कुण्डलगिरि पर मुक्तागिरि पर श्रीविंध्याचल में॥
तप के साधन द्रोणगिरि पर पौदनपुर के अञ्चल में।
सिंह दहाड़े सह्याचल में दुर्गम बलाहकाचल में॥ 29॥

गजदल टहले गजपंथा में हिम गिरता हिमगिरिवर में।
दंडात्मक पृथुसार यष्टि में पूज्य प्रतिष्ठक भूधर में॥
साधु-साधना करते बनते निर्मल पञ्चमगति पाते।
स्थान हुए ये प्रसिद्ध जग में कर लूँ इनकी थुदि तातैं॥ 30॥

पुण्य पुरुष ये जहाँ विचरते पुजती धरती माटी है।
आटे में गुड़ मिलता जैसे और मधुरता आती है॥ 31॥

गणधर देवों अरहन्तों की मौनमना मुनिराजों की।
कहीं गई निर्वाणभूमियाँ मुझसे कुछ गिरिराजों की॥
विजितमना जिन शान्तमना मुनि जो हैं भय से दूर सदा।
यही प्रार्थना मेरी उनसे सद्गति दें सुख पूर सुधा॥ 32॥

'वृषभ' वृषभ का चिह्न अजित का 'गज' संभव का 'घोट' रहा।
अभिनन्दन का 'वानर' माना और सुमति का 'कोक' रहा॥
छटे सातवें अष्टम जिन का 'सरोज' 'स्वस्तिक' 'चन्दा' है।
नवम दशम ग्यारहवें जिन का 'मकर' 'कल्पतरु' 'गेंडा' है॥ 33॥

वासुपूज्य का 'भैंसा' 'सूकर' विमलनाथ का औ 'सेही'।
अनन्त का है 'वज्र' धर्म का शान्तिनाथ का 'मृगदेही'॥
कुन्थु अरह का 'अज' 'मीना' है 'कलश' मल्लि का 'कूर्म' रहा।
मुनिसुव्रत का नमी नेमि का 'नीलकमल' है 'शंख' रहा।
पार्श्वनाथ का 'नाग' रहा है वर्धमान का 'सिंह' रहा॥ 34॥

उग्रवंश के पार्श्वनाथ हैं, नाथवंश के वीर रहे।
मुनिसुव्रत और नेमिनाथ हैं यदुवंशी हैं धीर रहे॥
कुरुवंशी हैं शान्तिनाथ हैं कुन्थुनाथ अरनाथ रहे।
रहे शेष इक्ष्वाकुवंश के इन पद में मम माथ रहे॥ 35॥

अञ्चलिका

दोहा

निर्वाणों की भक्ति का करके कायोत्सर्ग।
आलोचन उसका करूँ ले प्रभु! तव संसर्ग॥ 1॥

काल बीतता चतुर्थ में जब पक्ष नवासी शेष रहे।
कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी के सौ-सौ श्वाँसें शेष रहे॥
भोर स्वाति की पावा में है वर्धमान शिव-धाम गए।
देव चतुर्विध साथ स्वजन ले ले आते जिन नाम लिए॥ 2॥

दिव्य गन्ध ले, दिव्य दीप ले, दिव्य-दिव्य ले सुमनलता।
दिव्य चूर्ण ले, दिव्य न्हवन ले, दिव्य-दिव्य ले वसन तथा॥
अर्चन, पूजन, वन्दन करते, करते नियमित नमन सभी।
निर्वाणक कल्याण मनाकर करते निज घर गमन तभी॥ 3॥

सिद्धभूमियों को नित मैं भी यही भाव निर्मल करके।
अर्चन पूजन वन्दन करता प्रणाम करता झुक करके॥
कष्ट दूर हो कर्म चूर हो बोधि लाभ हो सद्गति हो।
वीर-मरण हो जिनपद मुझको मिले सामने सन्मति ओ!॥ 4॥

❑❑❑

नंदीश्वरभक्ति

जय-जय-जय जयवन्त जिनालय नाश रहित हैं शाश्वत हैं।
जिनमें जिनमहिमा से मण्डित, जैन बिम्ब हैं भास्वत हैं॥
सुरपति के मुकुटों की मणियाँ झिलमिल झिलमिल करती हैं।
जिनबिम्बों के चरण-कमल को, धोती हैं, मन हरती हैं॥ 1॥

सदा-सदा से सहज रूप से शुचितम प्राकृत छवि वाले।
रहे जिनालय धरती पर ये श्रमणों की संस्कृति धारे॥
तीनों संध्याओं में इनको तन से मन से वचनों से।
नमन करूँ धोऊँ अघ-रज को छूटूँ भव-वन भ्रमणों से॥ 2॥

भवनवासियों के भवनों में तथा जिनालय बने हुए।
तेज कान्ति से दमक रहे हैं और तेज सब हने हुए॥
जिन की संख्या जिन आगम में, सात कोटि की मानी है।
साठ-लाख दस लाख और दो लाख बताते ज्ञानी हैं॥ 3॥

अगणित द्वीपों में अगणित हैं अगणित गुण गण मण्डित हैं।
व्यन्तर देवों से नियमित जो पूजित संस्तुत वन्दित हैं॥
त्रिभुवन के सब भविकजनों के नयन मनोहर सुन प्यारे।
तीन लोक के नाथ जिनेश्वर मन्दिर हैं शिवपुर द्वारे॥ 4॥

सूर्य चन्द्र ग्रह नक्षत्रादिक तारक दल गगनांगन में।
कौन गिने वह अनगिन हैं, ये अनगिन जिनगृह हैं जिनमें॥
जिनका वन्दन प्रतिदिन करते शिव सुख के वे अभिलाषी।
दिव्य देह ले देव-देवियाँ ज्योतिर्मण्डल अधिवासी॥ 5॥

नभ-नभ स्वर-रस केशव-सेना मद हो सोलह कल्पों में।
आगे पीछे तीन बीच दो शुभतर कल्पातीतों में॥
इस विधि शाश्वत ऊर्ध्वलोक में सुखकर ये जिनधाम रहे।
अहो भाग्य हो नित्य निरन्तर होठों पर जिन नाम रहे॥ 6॥

अलोक का फैलाव कहाँ तक लोक कहाँ तक फैला है?
जाने जो जिन हैं जय-भाजन मिटा उन्हीं का फेरा है॥
कही उन्हीं ने मनुज लोक के चैत्यालय की गिनती है।
चार शतक अट्ठावन ऊपर जिन में मन रम विनती है॥ 7॥

आतम-मद-सेना-स्वर-केशव-अंग-रंग फिर याम कहे।
ऊर्ध्वमध्य औ अधोलोक में यूँ सब मिल जिन-धाम रहे॥ 8॥

किसी ईश से निर्मित ना हैं शाश्वत हैं स्वयमेव सदा।
दिव्य भव्य जिन मन्दिर देखो छोड़ो मन अहमेव मुधा॥
जिनमें आर्हत प्रतिभा-मण्डित प्रतिमा न्यारी प्यारी हैं।
सुरासुरों से सुरपतियों से पूजी जाती सारी हैं॥ 9॥

रुचक-कुण्डलों-कुलाचलों पर क्रमशः चउ-चउ तीस रहें।
वक्षारों-गिरि विजयार्द्धों पर शत शत-सत्तर ईश कहें॥
गिरि इषुकारों उत्तरगिरियों कुरुओं में चउ-चउ दश हैं।
तीन शतक छह बीस जिनालय गाते इनमें हम यश हैं॥ 10॥

द्वीप रहा हो अष्टम जिसने 'नन्दीश्वर' वर नाम धरा।
नन्दीश्वर सागर से पूरित आप घिरा अभिराम खरा॥
शशि-सम शीतल जिसके अतिशय यश से बस दश दिशा खिली।
भूमण्डल ही हुआ प्रभावित इस ऋषि को भी दिशा मिली॥11॥

इसी द्वीप में चउ दिशियों में चउ गुरु अञ्जन गिरिवर हैं।
इक-इक अञ्जनगिरि सम्बन्धित चउ-चउ दधिमुख गिरिवर हैं॥
फिर प्रति दधिमुख कोनों में दो-दो रतिकर-गिरि चर्चित हैं।
पावन बावन गिरि पर बावन जिनगृह हैं सुर अर्चित हैं॥ 12॥

एक वर्ष में तीन बार शुभ अष्टाह्निक उत्सव आते।
एक प्रथम आषाढ़ मास में कार्तिक फाल्गुन फिर आते॥
इन मासों के शुक्ल पक्ष में अष्ट दिवस अष्टम तिथि से।
प्रमुख बना सौधर्म इन्द्र को भूपर उतरे सुर गति से॥ 13॥

पूज्य द्वीप नन्दीश्वर जाकर प्रथम जिनालय वन्दन ले।
प्रचुर पुष्प-मणि दीप धूप ले दिव्याक्षत ले चन्दन ले॥
अनुपम अद्भुत जिन प्रतिमा की जग-कल्याणी गुरुपूजा।
भक्ति-भाव से करते हे मन! पूजा में खो-जा तू जा॥ 14॥

बिम्बों के अभिषेक कार्यरत हुआ इन्द्र सौधर्म महा।
दृश्य बना उसका क्या वर्णन भाव-भक्ति सो-धर्म रहा॥
सहयोगी बन उसी कार्य में शेष इन्द्र जयगान करें।
पूर्णचन्द्र-सम निर्मल यश ले प्रसाद गुण का पान करें॥ 15॥

इन्द्रों की इन्द्राणी मंगल कलशादिक लेकर सर पै।
समुचित शोभा और बढ़ाती गुणवन्ती इस अवसर पै॥
छाँ-छुम छाँ-छुम नाच नाचतीं सुर-नटियाँ हैं सस्मित हो।
सुनो! शेष अनिमेष सुरासुर दृश्य देखते विस्मित हो॥ 16॥

वैभवशाली सुरपतियों के भावों का परिणाम रहा।
पूजन का यह सुखद महोत्सव दृश्य बना अभिराम रहा॥
इसके वर्णन करने में जब, सुनो! वृहस्पति विफल रहा।
मानव में फिर शक्ति कहाँ वह? वर्णन करने मचल रहा॥ 17॥

जिन-पूजन अभिषेक पूर्णकर अक्षत केसर चन्दन से।
बाहर आये देव दिख रहे रंगे-रंगे से तन-मन से॥
तथा दे रहे प्रदक्षिणा हैं नन्दीश्वर जिनभवनों की।
पूज्य पर्व को पूर्ण मनाते स्तुति करते जिन-श्रमणों की॥ 18॥

सुनो! वहाँ से मनुज-लोक में सब मिलकर सुर आते हैं।
जहाँ पाँच शुभ मन्दरगिरि हैं शाश्वत चिर से भाते हैं॥

भद्रशाल नन्दन सुमनस औ पाण्डुक वन ये चार जहाँ।
प्रति-मन्दर पर रहे तथा प्रतिवन में जिनगृह चार महा॥ 19॥

मन्दर पर भी प्रदक्षिणा दे करें जिनालय वन्दन हैं।
जिन-पूजन अभिषेक तथा कर करें शुभाशय नन्दन हैं॥
सुखद पुण्य का वेतन लेकर जो इस उत्सव का फल है।
जाते निज-निज स्वर्गों को सुर यहाँ धर्म ही सम्बल है॥ 20॥

तरह-तरह के तोरण-द्वारे, दिव्य वेदिका और रहें।
मानस्तम्भों यागवृक्ष औ उपवन चारों ओर रहें॥
तीन-तीन प्राकार बने हैं विशाल मण्डप ताने हैं।
ध्वजा पंक्ति का दशक लसे चउ-गोपुर गाते गाने हैं॥ 21॥

देख सकें अभिषेक बैठकर धाम बने नाटक गृह हैं।
जहाँ सदन संगीत साध के क्रीड़ागृह कौतुकगृह हैं॥
सहज बनीं इन कृतियों को लख शिल्पी होते अविकल्पी।
समझदार भी नहीं समझते सूझ-बूझ सब हो चुप्पी॥ 22॥

थाली-सी है गोल वापिका पुष्कर हैं चउ-कोन रहे।
भरे लबालब जल से इतने कितने गहरे कौन कहे?
पूर्ण खिले हैं महक रहे हैं जिन में बहुविध कमल लसे।
शरद काल में जिस विध नभ में शशि ग्रह तारक विपुल लसें॥ 23॥

झारी लोटे घट कलशादिक उपकरणों की कमी नहीं।
प्रति जिनगृह में शत-वसु शत-वसु शाश्वत मिटते कभी नहीं॥

वर्णाकृति भी निरी-निरी है जिन की छवि प्रतिछवि भाती।
जहाँ घंटियाँ झन-झन-झन-झन बजती रहती ध्वनि आती॥ 24॥

स्वर्णमयी ये जिन मन्दिर यूँ युगों-युगों से शोभित हैं।
गन्धकुटी में सिंहासन भी सुन्दर-सुन्दर द्योतित हैं॥
नाना दुर्लभ वैभव से ये परिपूरित हैं रचित हुए।
सुनो! यहीं त्रिभुवन के वैभव जिनपद में आ प्रणत हुए॥ 25॥

इन जिनभवनों में जिनप्रतिमा ये हैं पद्मासन वाली।
धनुष पञ्चशत प्रमाणवाली प्रति-प्रतिमा शुभ छवि वाली॥
कोटि-कोटि दिनकर आभा तक मन्द-मन्द पड़ जाती है।
कनक रजत मणि निर्मित सारी झग-झग, झग-झग भाती हैं॥ 26॥

दिशा-दिशा में अतिशय शोभा महातेज यश धार रहें।
पाप मात्र के भंजक हैं ये भवसागर के पार रहें॥
और और फिर भानुतुल्य इन जिनभवनों को नमन करूँ।
स्वरूप इनका कहा न जाता मात्र मौन हो नमन करूँ॥ 27॥

धर्मक्षेत्र ये एक शतक औ सत्तर हैं षट् कर्म जहाँ।
धर्मचक्रधर तीर्थकरों के दर्शित है जिनधर्म यहाँ॥
हुए, हो रहे, होंगे उन सब तीर्थकरों को नमन करूँ।
भाव यही है 'ज्ञानोदय' में रमण करूँ भव-भ्रमण हरूँ॥ 28॥

इस अवसर्पिणि में इस भू पर वृषभनाथ अवतार लिया।
भर्ता बन युग का पालन कर धर्म-तीर्थ का भार लिया॥
अन्त-अन्त में अष्टापद पर तप का उपसंहार किया।
पापमुक्त हो मुक्ति सम्पदा प्राप्त किया उपहार जिया॥ 29॥

बारहवें जिन 'वासुपूज्य' हैं परम पुण्य के पुञ्ज हुए।
पाँचों कल्याणों में जिनको सुरपति पूजक पूज गए॥
'चम्पापुर' में पूर्ण रूप से कर्मों पर बहु मार किए।
परमोत्तम पद प्राप्त किए औ विपदाओं के पार गए॥ 30॥

प्रमुदित मति के राम-श्याम से 'नेमिनाथ' जिन पूजित हैं।
कषाय-रिपु को जीत लिए हैं प्रशमभाव से पूरित हैं॥
'ऊर्जयन्त गिरनार शिखर' पर जाकर योगातीत हुए।
त्रिभुवन के फिर चूड़ामणि हो मुक्तिवधू के प्रीत हुए॥ 31॥

'वीर' दिगम्बर श्रमण गुणों को पाल बने पूरण ज्ञानी।
मेघनाद-सम दिव्य नाद से जगा दिया जग सद्ध्यानी॥
'पावापुर' वर सरोवरों के मध्य तपों में लीन हुए।
विधि गुण विगलित कर अगणित गुण शिवपद पा स्वाधीन हुए॥ 32॥

जिसके चारों ओर वनों में मद वाले गज बहु रहते।
'सम्मेदाचल' पूज्य वही है पूजो इसको गुरु कहते॥
शेष रहे 'जिन बीस तीर्थंकर' इसी अचल पर अचल हुए।
अतिशय यश को शाश्वत सुख को पाने में वे सफल हुए॥ 33॥

मूक तथा उपसर्ग अन्तकृत अनेक विध केवलज्ञानी।
हुए विगत में यति मुनि गणधर कु-सु-मत ज्ञानी विज्ञानी॥
गिरि वन तरुओं गुफा कंदरों सरिता सागर तीरों में।
तप साधन कर,मोक्ष पधारे, अनल शिखा मरु टीलों में॥ 34॥

मोक्ष साध्य के हेतुभूत ये स्थान रहें पावन सारे।
सुरपतियों से पूजित हैं सो इन की रज शिर पर धारें॥
तपोभूमि ये पुण्य-क्षेत्र ये तीर्थ-क्षेत्र ये अघहारी।
धर्मकार्य में लगे हुए हम सबके हों मंगलकारी॥ 35॥

दोष रहित हैं, विजितमना हैं जग में जितने जिनवर हैं।
जितनी जिनवर की प्रतिमाएँ तथा जिनालय मनहर हैं॥
समाधि साधित भूमि जहाँ मुनि-साधक के हों चरण पड़े।
हेतु बने ये भविकजनों के भव-लय में हम चरण पड़ें॥ 36॥

उत्तम यशधर जिनपतियों का स्तोत्र पढ़े निजभावों में।
तन से मन से और वचन से तीनों संध्या कालों में॥
श्रुतसागर के पार गए उन मुनियों से जो संस्तुत हैं।
यथाशीघ्र वह अमित पूर्ण पद पाता सम्मुख प्रस्तुत है॥ 37॥

मलमूत्रों का कभी न होना रुधिर क्षीर-सम श्वेत रहे।
सर्वांगों में सामुद्रिकता सदा - सदा ना स्वेद रहे॥

रूप सलोना, सुरभित होना, तन-मन में शुभ लक्षणता।
हित-मित-मिश्री मिश्रितवाणी सुन लो! और विलक्षणता॥ 38॥

अतुल-वीर्य का सम्बल होना प्राप्त आद्य संहनन पना।
ज्ञात तुम्हें हो ख्यात रहे हैं स्वतिशय दश ये गुणनपना॥
जन्म-काल से मरण-काल तक ये दश अतिशय सुनते हैं।
तीर्थकरों के तन में मिलते अमितगुणों को गुनते हैं॥ 39॥

कोश चार शत सुभिक्षता हो अधर गगन में गमन सही।
चउ विध कवलाहार नहीं हो किसी जीव का हनन नहीं॥
केवलता या श्रुतकारकता उपसर्गों का नाम नहीं।
चतुर्मुखी का होना तन की छाया का भी काम नहीं॥ 40॥

बिना बढ़े वह सुचारुता से नख केशों का रह जाना।
दोनों नयनों के पलकों का स्पन्दन ही चिर मिट जाना॥
घातिकर्म के क्षय के कारण अर्हन्तों में होते हैं।
ये दश अतिशय इन्हें देख बुध पल भर सुध-बुध खोते हैं॥ 41॥

अर्धमागधी भाषा सुख की सहज समझ में आती है।
समवसरण में सब जीवों में मैत्री घुल-मिल जाती है॥
एक साथ सब ऋतुएँ फलती 'क्रम' के सब पथ रुक जाते।
लघुतर, गुरुतर, बहुतर तरुवर फूल फलों से झुक जाते॥ 42॥

दर्पण-सम शुचि रत्नमयी हो झग-झग करती धरती है।
सुरपति,नरपति यतिपतियों के जन-जन के मन हरती है॥
जिनवर का जब विहार होता पवन सदा अनुकूल बहे।
जन-जन परमानन्द गन्ध में डूबे दुःख-सुख भूल रहे॥ 43॥

संकटदा विषकंटक कीटों कंकर तिनकों शूलों से।
रहित बनाता पथ को गुरुतर उपलों से अतिधूलों से॥
योजन तक भूतल को समतल करता बहता वह साता।
मन्द-मन्द मकरन्द गन्ध से पवन मही को महकाता॥ 44॥

तुरत इन्द्र की आज्ञा से बस नभ मण्डल में छा जाते।
सघन मेघ के कुमार गर्जन करते बिजली चमकाते॥
रिम-झिम रिम-झिम गन्धोदक की वर्षा होती हर्षाती।
जिस सौरभ से सब की नासा सुर-सुर करती दर्शाती॥ 45॥

आगे पीछे सात-सात इक पदतल में तीर्थङ्कर के।
पंक्तिबद्ध यों अष्टदिशाओं और उन्हीं के अन्तर में॥
पद्म बिछाते सुर माणिक-सम केशर से जो भरे हुए।
अतुल परस है सुखकर जिनका स्वर्ण दलों से खिले हुए॥ 46॥

पकी फसल ले शाली आदिक धरती पर सर धरती है।
सुन लो फलतः रोम-रोम से रोमाञ्चित सी धरती है॥

ऐसी लगती त्रिभुवनपति के वैभव को ही निरख रही।
और स्वयं को भाग्यशालिनी कहती-कहती हरख रही॥ 47॥

शरदकाल में विमल सलिल से सरवर जिस विध लसता है।
बादल-दल से रहित हुआ नभमण्डल उस विध हँसता है॥
दशों दिशायें धूम्र-धूलियाँ शाम भाव को तजती हैं।
सहज रूप से निरावरणता उज्ज्वलता को भजती हैं॥ 48॥

इन्द्राज्ञा में चलने वाले देव चतुर्विध वे सारे।
भविक जनों को सदा बुलाते समवशरण में उजियारे॥
उच्चस्वरों में दे दे करके आमन्त्रण की ध्वनि ओ जी!
देवों के भी देव यहाँ हैं शीघ्र पधारो आओ जी!॥ 49॥

जिसने धारे हजार आरे स्फुरणशील मन हरता है।
उज्ज्वल मौलिक मणि-किरणों से झर-झुर झर-झुर करता है॥
जिसके आगे तेज भानु भी अपनी आभा खोता है।
आगे - आगे सबसे आगे धर्मचक्र वह होता है॥ 50॥

वैभवशाली होकर भी ये इन्द्र लोग सब सीधे हैं।
धर्म राग से रंगे हुए हैं भाव भक्ति में भीगे हैं॥
इन्हीं जनों से इस विध अनुपम अतिशय चौदह किए गए।
वसुविध मंगल पात्रादिक भी समवसरण में लिए गए॥ 51॥

नील-नील वैडूर्य दीप्ति से जिसकी शाखायें भाती।
लाल-लाल मद प्रवाल आभा जिनमें शोभा औ लाती॥
मरकत मणि के पत्र बने हैं जिसकी छाया शाम घनी।
अशोक तरु यह अहो शोभता यहाँ शोक की शाम नहीं॥ 52॥

पुष्पवृष्टि हो नभ से जिसमें पुष्प अलौकिक विपुल मिले।
नील-कमल हैं लाल-धवल हैं कुन्द बहुल हैं बकुल खुले॥
गन्धदार मन्दार मालती पारिजात मकरन्द झरे।
जिन पर अलिगण गुन-गुन गाते निशिगन्धा अरविन्द खिले॥ 53॥

जिनकी कटि में कनक करधनी कलाइयों में कनक कड़े।
हीरक के केयूर हार हैं पुष्प कण्ठ में दमक पड़े॥
सालंकृत दो यक्ष खड़े जिन-कर्णों में कुण्डल डोलें।
चमर ढुराते हौले-हौले प्रभु की जो जय-जय बोलें॥ 54॥

यहाँ यकायक घटित हुआ जो कोई सकता बता नहीं।
दिवस रात का भला भेद वह कहाँ गया कुछ पता नहीं॥
दूर हुए व्यवधान हजारों रवियों के वह आप कहीं।
भामण्डल की यह सब महिमा आँखों को कुछ ताप नहीं॥ 55॥

प्रबल पवन का घात हुआ जो विचलित होकर तुरत मथा।
हर-हर-हर-हर सागर करता हर मन हरता मुदित यथा॥
वीणा मुरली दुम-दुम दुंदुभि ताल-ताल करताल तथा।
कोटि कोटियों वाद्य बज रहे समवशरण में सार कथा॥ 56॥

महादीर्घ वैडूर्य रत्न का बना दण्ड है जिस पर हैं।
तीन चन्द्र-सम तीन छत्र ये गुरु-लघु-लघुतम ऊपर हैं॥
तीन भुवन के स्वामीपन की स्थिति जिससे अति प्रकट रही।
सुन्दरतम हैं मुक्ताफल की लड़ियाँ जिस पर लटक रहीं॥ 57॥

जिनवर की गम्भीर भारती श्रोताओं के दिल हरती।
योजन तक जो सुनी जा रही अनुगुंजित हो नभ धरती॥
जैसे जल से भरे मेघदल नभ-मण्डल में डोल रहे।
ध्वनि में डूबे दिगन्तरों में घुमड़-घुमड़ कर बोल रहे॥ 58॥

रंग-बिरंगी मणि-किरणों से इन्द्रधनुष की सुषमा ले।
शोभित होता अनुपम जिस पर ईश विराजे गरिमा ले॥
सिंहों में वर बहु सिंहों ने निजी पीठ पर लिया जिसे।
स्फटिक शिला का बना हुआ है सिंहासन है जिया! लसे॥ 59॥

अतिशय गुण चउतीस रहें ये जिस जीवन में प्राप्त हुए।
प्रातिहार्य का वसुविध वैभव जिन्हें प्राप्त हैं आप्त हुए॥
त्रिभुवन के वे परमेश्वर हैं महागुणी भगवन्त रहे।
नमूँ उन्हें अरहन्त सन्त हैं सदा-सदा जयवन्त रहें॥ 60॥

अञ्चलिका

दोहा

नन्दीश्वर वर भक्ति का करके कायोत्सर्ग।
आलोचन उसका करूँ, ले प्रभु! तव संसर्ग॥ 1॥

नन्दीश्वर के चउ दिशियों में चउ गुरु अंजन गिरिवर हैं।
इक-इक अंजनगिरि सम्बन्धित चउ-चउ दधिमुख गिरिवर हैं॥
फिर प्रति दधिमुख कोनों में दो-दो रतिकर गिरि चर्चित हैं।
पावन बावनगिरि पर बावन जिनगृह हैं सुर अर्चित हैं॥ 2॥
देव चतुर्विध कुटुम्ब ले सब इसी द्वीप में हैं आते।
कार्तिक फागुन आषाढ़ों के अन्तिम वसु-दिन जब आते॥
शाश्वत जिनगृह जिनबिम्बों से मोहित होते बस तातैं।
तीनों अष्टाह्निक पर्वों में, यहीं आठ दिन बस जाते॥ 3॥
दिव्य गन्ध ले, दिव्य दीप ले, दिव्य-दिव्य ले सुमन तथा।
दिव्य चूर्ण ले, दिव्य न्हवन ले, दिव्य-दिव्य ले वसन तथा॥
अर्चन, पूजन, वन्दन करते, नियमित करते नमन सभी।
नन्दीश्वर का पर्व मनाकर करते निजघर गमन सभी॥ 4॥
मैं भी उन सब जिनालयों का भरतखण्ड में रहकर भी।
अर्चन पूजन वन्दन करता प्रणाम करता झुककर ही॥
कष्ट दूर हो, कर्मचूर हो, बोधिलाभ हो, सद्गति हो।
वीर मरण हो, जिनपद मुझको मिले, सामने सन्मति ओ!॥ 5॥

चैत्यभक्ति

अजेय अघहर अद्भुत-अद्भुत पुण्य बन्ध के कारक हैं।
करें उजाला पूर्ण जगत् में, सत्य तथ्य भव तारक हैं॥
गौतम-पद को, सन्मति-पद को, प्रणाम करके कहता हूँ।
'चैत्य-वन्दना' जग का हित हो जग के हित में रहता हूँ॥ 1॥

अमर मुकुटगत मणि आभा जिन को सहलाती सन्त कहे।
कनक कमल पर चरण कमल को रखते जो जयवन्त रहे॥
जिनकी छाया में आकर के उदार उर वाले बनते।
अदय क्रूर उर धारे आरे मान दम्भ से जो तनते॥ 2॥

जैनधर्म जयशील रहे नित सुर-सुख शिव-सुख का दाता।
दुर्गति दुष्पथ दुःखों से जो हमें बचाता है त्राता॥
प्रमाणपन औ विवध नयों से दोषों के जो वारक हों।
अंग-बाह्य औ अंग-पूर्वमय जिनवच जग उद्धारक हों॥ 3॥

अनेकान्तमय वस्तु तत्त्व का सप्तभंग से कथन करे।
तथा दिखाता सदा द्रव्य को ध्रौव्य-आय-व्यय वतन अरे॥
पूर्णबोध की इस विध थुति से निरुपम सुख का द्वार खुले।
दोष रहित औ नित्य निरापद संपद का भण्डार मिले॥ 4॥

जन्म-दुःख से मुक्त हुए हैं अरहन्तों को वन्दन हो।
सिद्धों को भी नमन करूँ मैं जहाँ कर्म की गन्ध न हो॥
गणी पाठकों को वन्दूँ मैं साधुजनों को नमन करूँ।
सदा वन्द्य हैं सर्ववन्द्य हैं मोक्ष-धाम को गमन करूँ॥ 5॥

मोह-शत्रु को नष्ट किए हैं दोष-कोष से रहित हुए।
तदावरण से दूर हुए हैं प्रबोध-दर्शन सहित हुए॥
अनन्त बल के धनी हुये हैं अन्तराय का नाम नहीं।
पूज्य योग्य अरहन्त बने हैं तुम्हें नमूँ वसु याम सही॥ 6॥

वीतरागमय धर्म कहा है जिनवर ने शिवपथ नेता।
साधक को जो सदा संभाले मोक्षधाम में धर देता॥
नमूँ उसे मैं तीन लोक के हित सम्पादक और नहीं।
आर्जव आदिक गुणगण जिससे बढ़ते उन्नति ओर सही॥ 7॥

सजे चतुर्दश पूर्वों से हैं औ द्वादश विध अंगों से।
तथा वस्तुओं और उपांगों से गुंथित बहु भंगों से॥
अजेय जिनके वचन रहे ये अनन्त अवगम वाले हैं।
इन्हें नमन अज्ञान-तिमिर को हरते परम उजाले हैं॥ 8॥

भवनवासियों के भवनों में स्वर्गिक कल्प विमानों में।
व्यन्तर देवावासों में औ ज्योतिष देव विमानों में॥

विश्ववन्द्य औ मर्त्यलोक में जितने जिनवर चैत्य रहे।
मन-वच-तन से उन्हें नमूँ वे मम मन के नैवेद्य रहे॥ 9॥

सुरपति नरपति धरणेन्द्रों से तीन लोक में अर्चित हैं।
अनन्य दुर्लभ सभी सम्पदा जिन चरणों में अर्पित हैं॥
तीर्थंकरों के जिनालयों को तन-वच-मन-परिणामों से।
नमूँ, बनूँ बस शान्त, बचूँ मैं भव-भवगत दुःख-अनलों से॥ 10॥

इस विध जिनको नमन किया है पावनगण को हैं धारे।
पञ्चपदों से पूजे जाते परम पुरुष हैं जग प्यारे॥
जिनवर जिनके वचन धर्म औ बिम्ब जिनालय ये सारे।
बुधजन तरसे विमल-बोधि को हमें दिलावे शिव-द्वारे॥ 11॥

नहीं किसी से गए बनाये स्वयं बने हैं शाश्वत हैं।
चम-चम चमके दम-दम दमके बाल-भानुसम भास्वत हैं॥
और बनाये जिनालयों में नरों सुरों से पूजित हैं।
जिनबिम्बों को नमन करूँ मैं परम पुण्य से पूरित हैं॥ 12॥

आभामय भामण्डल वाली सुडौल हैं बेजोड़ रहीं।
जिनोत्तमों में उत्तम जिन की प्रतिमायें युग मोड़ रहीं॥
विपदा हरती वैभव लाती सुभिक्ष करती त्रिभुवन में।
कर युग जोड़ूँ विनम्र तन से नमूँ उन्हें हरखूँ मन में॥ 13॥

आभरणों से आवरणों से आभूषण से रहित रही।
हस्त निरायुध, उपांग जिनके विराग छवि से सहित सही॥
प्रतिमाएँ अ-प्रमित रही हैं, कान्ति अनूठी है जिनकी।
क्लान्ति मिटे चिर शान्ति मिले बस भक्ति करूँ निशिदिन उनकी॥ 14॥

बाहर का यह रूप जिनों का स्वरूप क्या है? बता रहा।
कषाय कालिख निकल गई है परम शान्ति को जता रहा॥
स्वभाव-दर्शक भव-भवनाशक जिनबिम्बों को नमन करूँ।
साधन से सो साध्य सिद्ध हो कषाय-मल का शमन करूँ॥ 15॥

लगा भक्ति में जिन बिम्बों की हुआ पुण्य का अर्जन है।
सहज रूप से अनायास ही हुआ पाप का तर्जन है॥
किए पुण्य के फल ना चाहूँ विषय नहीं सुरगात्र नहीं।
जन्म-जन्म में जैनधर्म जिन मिले भावना मात्र यही॥ 16॥

सब कुछ देखे सब कुछ जाने दर्शनधारी ज्ञानधनी।
गुणियों में अरहन्त कहाते चेतन के द्युतिमान मणी॥
मिली बुद्धि से उन चैत्यों का भाग्य मान गुणगान करूँ।
अशुद्धियों को शीघ्र मिटाकर विशुद्धियों का पान करूँ॥ 17॥

भवनवासियों के भवनों में फैली वैभव की महिमा।
नहीं बनाई, बनी आप हैं आभावाली हैं प्रतिमा॥

प्रणाम उनको भी मैं करता सादर सविनय सारों से।
पहुँचा देवें पञ्चमगति को तारें मुझको क्षारों से॥ 18॥

यहाँ लोक में विद्यमान हैं जितने अपने आप बने।
और बनाये चैत्य अनेकों भविक जनों के पाप हने॥
उन सब चैत्यों को वन्दूँ मैं बार-बार संयत मन से।
बार-बार ना एक बार बस आप भरूँ अक्षय धन से॥ 19॥

व्यन्तर देवों के यानों में प्रतिमा - गृह हैं भास्वर हैं।
संख्या की सीमा से बाहर चिर से हैं अविनश्वर हैं॥
सदा हमारे दोषों के तो वारण के वे कारण हो।
ताकि दिनों दिन उच्च-उच्चतर चारित का अवधारण हो॥ 20॥

ज्योतिष देव विमानों में भी रहे जिनालय हैं प्यारे।
कितनी संख्या कहीं न जाती अनगिन माने हैं सारे॥
विस्मयकारी वैभव से जो भरे हुए हैं अघहारी।
उनको भी हो वन्दन अपना, वन्दन हो शिव सुखकारी॥ 21॥

वैमानिक देवों के यानों में भी जिन की प्रतिमा हैं।
जिन की महिमा कही न जाती चम-चम-चमकी द्युतिमा हैं॥
सुरमुकुटों की मणि छवियाँ वे जिनके पद में बिम्बित हैं।
उन्हें नमूँ मैं सिद्धि लाभ हो गुणगण से जो गुम्फित हैं॥ 22॥

उभय सम्पदा वाले जिनका वर्णों से ना वर्णन हो।
अरि-विरहित अरहंत कहाते जिनबिम्बों का अर्चन हो॥
यश:कीर्ति की नहीं कामना कीर्तन जिन का किया करूँ।
कर्मास्त्रव का रोकनहारा कीर्तन करता जिया करूँ॥ 23॥

महानदी अरहन्त देव हैं अनेकान्त भागीरथ है।
भविकजनों का अघ धुलता है, यहाँ यही वर तीरथ है॥
और तीर्थ में लौकिक जो है, तन की गरमी है मिटती।
वही तीर्थ परमार्थ जहाँ पर मन की भी गरमी मिटती॥ 24॥

लोकालोका-लोकित करता दिव्यबोध आलोक रहा।
प्रवाह बहता अहोरात यह कहीं रोक, ना टोक रहा॥
जिसके दोनों ओर बड़े दो विशाल निर्मल कूल रहे।
एक शील का दूजा व्रत का आपस में अनुकूल रहे॥ 25॥

धर्म - शुक्ल के ध्यान धरे हैं राजहंस ऋषि चेत रहे।
पञ्च समितियाँ तीन गुप्तियाँ नाना गुणमय रेत रहे॥
श्रुताभ्यास की अनन्य दुर्लभ मधुर-मधुर धुनि गहर रही।
महातीर्थ की मुझ बालक पर, रही रहे नित महर सही॥ 26॥

क्षमा भँवर है जहाँ हजारों यति-ऋषि-मुनि मन सहलाते।
दया कमल हैं, खुले खिले हैं सब जीवों को महकाते॥

तरह-तरह के दुस्सह परिषह लहर-लहर कर लहराते।
ज्ञानोदय के छन्द हमें यों ठहर-ठहर कर कह पाते॥ 27॥

भविक व्रती जन नहीं फिसलते राग-रोष शैवाल नहीं।
सार-रहित हैं कषाय तन्मय फेनों का फैलाव नहीं॥
तथा यहाँ पर मोहमयी उस कर्दम का तो नाम नहीं।
महा भयावह दुस्सह दुःख का मरण-मगर का काम नहीं॥ 28॥

ऋषि-पति मृदुधुनि से थुति करते श्रुत की भी दे सबक रहे।
जहाँ लग रहा श्रवण मनोहर विविध विहंगम चहक रहे॥
घोर-घोरतर तप तपते हैं बने तपस्वी घाट रहे।
आस्रव रोधक संवर बनता बँधा झर रहा पाट रहे॥ 29॥

गणधर, गणधर के चरणों में ऋषि-यति-मुनि अनगार रहे।
सुरपति नरपति और-और जो निकट भव्यपन धार रहे॥
ये सब आकर परम-भक्ति से परम तीर्थ में स्नान किए।
पञ्चम युग के कलुषित मन को धो-धोकर छविमान किए॥ 30॥

नहीं किसी से जीता जाता अजेय है गम्भीर रहा।
पतितों को जो पूत बनाता परमपूत है क्षीर रहा॥
अवगाहन करने आया हूँ महातीर्थ में स्नान करूँ।
मेरा भी सब पाप धुले बस यही प्रार्थना दान करूँ॥ 31॥

नयन युगल क्यों लाल नहीं हैं? कोप अनल को जीत लिया।
हाव-भाव से नहीं देखते, राग आप में रीत गया॥
विषाद-मद से दूर हुए हैं, प्रसन्नता का उदय रहा।
यूँ तव मुख कहता-सा लगता दर्पण-सम है हृदय रहा॥ 32॥

निराभरण होकर भासुर है राग-रहित हैं अघहर हैं।
कामजयी बन, यथाजात बन बने दिगम्बर मनहर हैं॥
निर्भय हैं सो बने निरायुध मार-काट से मुक्त हुए।
क्षुधा-रोग का नाश हुआ है निराहार में तृप्त हुए॥ 33॥

अभी खिले हैं नीरज चन्दन-सम घम-घम-घम-वासित है।
दिनकर शशिकर हीरक आदिक शतवसु लक्षण भासित हैं॥
दश-शत रवि-सम भासुर फिर भी आँखें लखतीं ना थकती।
दिव्यबोध जब जिन में उगता देह दिव्यता यूँ जगती।
बाल बढ़े नाखून बढ़े ना मलिन धूलि आ ना लगती॥ 34॥

शिवपथ में हैं बाधक होते मोह-भाव हैं राग घने।
जिनसे कलुषित जन भी तुम को लखते वे बेदाग बने॥
किसी दिशा से जो भी देखे उसके सम्मुख तुम दिखते।
शरदचन्द्र-से शान्त धवलतम संत सुधी जन यूँ लिखते॥ 35॥

सुरपति मुकुटों की मणिकिरणें झर-झुर झर-झुर करती हैं।
पूज्यपाद के पदपद्मों को चूँम रही मन हरती हैं॥
वीतराग जिन! दिव्य रूप तव सकल लोक को शुद्ध करे।
अन्ध बना है कुमततीर्थ में शीघ्र इसे प्रतिबुद्ध करे॥ 36॥

मानथंभ सर पुष्पवाटिका भरी खातिका शुचि जल से।
स्तूप महल बहु कोट नाट्यगृह सजी वेदियाँ ध्वज-दल से॥
सुरतरु घेरे वन उपवन है और स्फटिक का कोट लसे।
नर सुर मुनि की सभा पीठिका पर जिनवर हैं और बसे।
समवसरण की ओर देखते पाप ताप का घोर नसे॥ 37॥

क्षेत्र-पर्वतों के अन्तर में क्षेत्रों मन्दरगिरियों में।
द्वीप आठवाँ नन्दीश्वर में और अन्य शुभ पुरियों में॥
सकल-लोक में जितने जिन के चैत्यालय हैं यहाँ लसे।
उन सबको मैं प्रणाम करता मम मन में वे सदा बसे॥ 38॥

बने बनाये बिना बनाये यहाँ धरा पर गिरियों में।
देवों राजाओं से अर्चित मानव निर्मित पुरियों में॥
वन में उपवन में, भवनों में, दिव्य विमानों यानों में।
जिनवर बिम्बों को मैं सुमरूँ अशुभ दिनों में सुदिनों में॥ 39॥

जम्बू-धातकि-पुष्करार्ध में लाल कमल-सम तन वाले।
कृष्ण मेघ-सम शशी कनक-सम नील कण्ठ आभा वाले॥
साम्य-बोध चारितधारक हो अष्टकर्म को नष्ट किया।
विगत-अनागत-आगत जिन को नमूँ नष्ट हो कष्ट जिया॥ 40॥

रतिकर रुचके चैत्य वृक्ष पर औ दधिमुख अञ्जन भूधर-
रजत कुलाचल कनकाचल पर वृक्ष शाल्मली-जम्बू पर॥
इष्वाकारों वक्षारों पर व्यन्तर-ज्योतिष सुर जग में।
कुण्डल मानुषगिरि पर-प्रतिमा नमूँ उन्हें अन्तर जग में॥ 41॥

सुरासुरों से नर नागों से पूजित वंदित अर्चित हैं।
घंटा तोरण ध्वजादिकों से शोभित बुधजन चर्चित हैं॥
भविक जनों को मोहित करते पाप-ताप के नाशक हैं।
वन्दूँ जग के जिनालयों को दयाधर्म के शासक हैं॥ 42॥

अञ्चलिका

दोहा

पूज्य चैत्य सद्भक्ति का करके कायोत्सर्ग।
आलोचन उसका करूँ, ले प्रभु! तव संसर्ग॥ 1॥

अधोलोक में ऊर्ध्वलोक में मध्यलोक में उजियारे।
बने बनाये हैं बनवाये चैत्य रहे अनगिन प्यारे॥
देव चतुर्विध अपने-अपने उत्साहित परिवार लिए।
पर्वों विशेष तिथियों में औ प्रतिदिन शुभ शृंगार किए॥ 2॥

दिव्यगन्ध ले दिव्य दीप ले दिव्य दिव्य ले सुमनलता।
दिव्य चूर्ण ले दिव्य न्हवन ले दिव्य दिव्य ले वसन तथा॥
अर्चन पूजन वन्दन करते सविनय करते नमन सभी।
भाग्य मानते पुण्य लूटते बने पाप का शमन तभी॥ 3॥

मैं भी उन सब जिन चैत्यों को भरतखण्ड में रहकर भी।
पूजूँ वन्दूँ अर्चन कर लूँ नमन करूँ सर झुककर ही॥
कष्ट दूर हो कर्म चूर हो बोधि लाभ हो सद्गति हो।
वीर-मरण हो जिनपद मुझको मिले सामने सन्मति ओ॥ 4॥

❑❑❑

समय व स्थान परिचय

गगन चूमता शिखर है भव्य जिनालय भ्रात।
विघन-हरण मंगलकरण महुवा में विख्यात॥ 1॥

बहती कहती है नदी 'पूर्णा' जिसके तीर।
पार्श्वनाथ के दर्श से दिखता भव का तीर॥ 2॥

गन्ध गन्ध गति गन्ध की सुगन्ध दशमी योग।
अनुवादित ये भक्तियाँ पढ़ो मिटे सब रोग॥ 3॥

पूर्णा नदी के तट पर अवस्थित श्री विघ्नहर पार्श्वनाथ की मनोहारी प्रतिमा के लिए सुप्रसिद्ध श्री विघ्नहर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र महुवा (सूरत) गुजरात में वर्षायोग के दौरान भाद्रपद शुक्ल, सुगन्ध दशमी, वीर निर्वाण संवत् 2522 तदनुसार 22 सितम्बर, 1996 को भक्तियों का यह पद्यानुवाद सम्पन्न हुआ।

❑❑❑

आचार्य कुन्दकुन्द रचित
प्राकृत भक्तियाँ

तीर्थंकर भक्ति

थोस्सामि हं जिणवरे, तित्थयरे केवली अणंतजिणे।
णरपवरलोयमहिए, विहुय-रयमले महप्पण्णे ॥ 1॥
लोयस्सुज्जोय-यरे, धम्मं तित्थंकरे जिणे वंदे।
अरहंते कित्तिस्से, चउवीसं चेव केवलिणो॥ 2॥
उसह-मजियं च वंदे, संभव-मभिणंदणं च सुमइं च।
पउमप्पहं सुपासं, जिणं च चंदप्पहं वंदे॥ 3॥
सुविहिं च पुप्फयंतं, सीयल सेयं च वासुपुज्जं च।
विमल-मणंतं भयवं, धम्मं संतिं च वंदामि॥ 4॥
कुंथुं च जिणवरिंदं, अरं च मल्लिं च सुव्वयं च णमिं।
वंदामि रिट्ठणेमिं, तह पासं वड्ढमाणं च॥ 5॥
एवं मए अभित्थुआ, विहुयरयमला पहीणजरमरणा।
चउवीसं पि जिणवरा, तित्थयरा मे पसीयंतु॥ 6॥
कित्तिय वंदिय महिया, एदे लोगोत्तमा जिणा सिद्धा।
आरोग्ग-णाण-लाहं, दिंतु समाहिं च मे बोहिं॥ 7॥
चंदेहिं णिम्मल-यरा, आइच्चेहिं अहिय-पयासंता।
सायर-मिव गंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु॥ 8॥

अंचालिका

इच्छामि भंते! चउवीसतित्थयर-भत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, पंचमहाकल्लाण-संपण्णाणं अट्ठमहापाडिहेर-सहियाणं चउतीसातिसय-विसेससंजुत्ताणं बत्तीसदेविंद-मणिमउड-मत्थयमहिदाणं बलदेव-वासुदेव-चक्कहर-रिसि-मुणि-जइ-अणगारोवगूढाणं थुइसहस्सणिलयाणं उसहाइ वीर पच्छिम मंगल महापुरिसाणं णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

अर्थ

जो कर्मरूप शत्रुओं को जीतने वालों में श्रेष्ठ हैं, केवलज्ञान से युक्त हैं, अनंत संसार को जीतने वाले हैं, लोकश्रेष्ठ चक्रवर्ती आदि जिनकी पूजा करते हैं, जिन्होंने ज्ञानावरण, दर्शनावरण नामक रज रूपी मल को दूर कर दिया है तथा महाप्राज्ञ-उत्कृष्ट ज्ञानवान् हैं, ऐसे तीर्थंकरों की स्तुति करूँगा॥ 1॥

मैं लोक को प्रकाशित करने वाले तथा धर्मरूपी तीर्थ के कर्ता जिनों को नमस्कार करता हूँ और अरहंत पद को प्राप्त केवलज्ञानी चौबीस तीर्थंकरों का कीर्तन करूँगा॥ 2॥

मैं ऋषभ, अजित, संभव, अभिनंदन और सुमति जिनेन्द्र की वन्दना करता हूँ, इसी प्रकार पद्मप्रभ, सुपार्श्व और चन्द्रप्रभ भगवान् को नमस्कार करता हूँ॥ 3॥

मैं सुविधि अथवा पुष्पदन्त, शीतल, श्रेयांस, वासुपूज्य, विमल, अनन्त, धर्म और शान्तिनाथ भगवान् को नमस्कार करता हूँ॥ 4 ॥

मैं कुन्थु, अर, मल्लि, मुनिसुव्रत, नमि, अरिष्टनेमि, पार्श्व और वर्द्धमान जिनेन्द्र को नमस्कार करता हूँ॥ 5 ॥

इस प्रकार मेरे द्वारा जिनकी स्तुति की गई है, जिन्होंने आवरण रूपी मल को नष्ट कर दिया है, जिनके जरा और मरण नष्ट हो गए हैं तथा जो जिनों में श्रेष्ठ हैं, ऐसे चौबीस तीर्थंकर मेरे ऊपर प्रसन्न हों॥ 6 ॥

जो मेरे द्वारा कीर्तित, वंदित और पूजित हैं, लोक में उत्तम हैं तथा कृतकृत्य हैं, ऐसे ये जिनेन्द्र चौबीस भगवान् मेरे लिए आरोग्यलाभ, ज्ञानलाभ, समाधि और बोधि प्रदान करें॥ 7 ॥

जो चन्द्रों से अधिक निर्मल हैं, सूर्यों से अधिक प्रभासमान हैं, समुद्र समान गंभीर हैं तथा सिद्धपद को प्राप्त हुए हैं, ऐसे चौबीस जिनेन्द्र मेरे लिए सिद्धि प्रदान करें॥ 8 ॥

हे भगवन् ! जो मैंने चौबीस तीर्थंकर भक्ति सम्बन्धी कायोत्सर्ग किया है, उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। जो पाँच कल्याणकों से सम्पन्न हैं, आठ महाप्रातिहार्यों से सहित हैं, चौंतीस अतिशय विशेषों से सहित हैं, बत्तीस इन्द्रों के मणिमय मुकुटों से युक्त मस्तकों से जिनकी पूजा होती है, बलदेव, नारायण, चक्रवर्ती,

ऋषि, मुनि, यति और अनगार (इन चारों प्रकार के मुनियों) से जो परिवृत हैं तथा हजारों स्तुतियों के जो घर हैं, ऐसे ऋषभादि महावीरपर्यन्त के मंगलमय महापुरुषों की मैं निरन्तर अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, उन्हें नमस्कार करता हूँ। उसके फलस्वरूप मेरे दुःखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो, समाधिमरण हो और मुझे जिनेन्द्र भगवान् के गुणों की सम्प्राप्ति हो।

❑❑❑

सिद्धभक्ति

अट्ठविह-कम्ममुक्के, अट्ठगुणड्ढे अणोवमे सिद्धे।
अट्ठमपुढवि-णिविट्ठे,णिट्ठियकज्जे य वंदिमो णिच्चं ॥1 ॥
तित्थयरेदरसिद्धे, जलथलआयास-णिव्वुदे सिद्धे।
अंतयडेदरसिद्धे, उक्कस्सजहण्ण-मज्झियोगाहे ॥2 ॥
उड्ढमहतिरियलोए, छव्विहकाले य णिव्वुदे सिद्धे।
उवसग्गणिरुव-सग्गे,दीवोदहि-णिव्वुदे य वंदामि ॥3 ॥
पच्छायडेय सिद्धे, दुग्गतिगचदुणाण पंचचदुरजमे।
परिपडिदा परिपडिदे, संजमसम्मत्तणाण-मादीहिं ॥4 ॥
साहरणासाहरणे, समुग्घादेदरे य णिव्वादे।
ठिद पलियंक णिसण्णो, विगयमले परमणाणगे वंदे ॥5 ॥

पुंवेदं वेदंता, जे पुरिसा खवगसेढिमारूढा।
सेसोदयेण वि तहा, झाणुवजुत्ता य ते हु सिज्झंति ॥6 ॥
पत्तेयसयंबुद्धा, बोहियबुद्धा य होंति ते सिद्धा।
पत्तेयं पत्तेयं, समयं समयं पडिवदामि सदा ॥7 ॥
पण णव दु अट्ठवीसा, चउ तियणवदि य दोण्णि पंचेव।
वावण्णहीणविसया, पयडिविणासेण होंति ते सिद्धा ॥8 ॥
अइसयमव्वाबाहं, सोक्खमणंतं अणोवमं परमं।
इंदियविसयातीदं, अप्पत्तं अच्चयं च ते पत्ता ॥9 ॥
लोगग्गमत्थयत्था, चरमसरीरेण ते हु किञ्चूणा।
गयसित्थमूसगब्भे, जारिस आयार तारिसायारा ॥10 ॥
जरमरणजम्मरहिया, ते सिद्धा मम सुभत्तिजुत्तस्स।
दिंतु वरणाणलाहं, बुहयण परियत्थणं परमसुद्धं ॥11 ॥
किच्चा काउस्सग्गं, चतुरट्ठय-दोषविरहियं सुपरिसुद्धं।
अइभत्तिसंपउत्तो, जो वंदइ लहु लहइ परमसुहं ॥12 ॥

अंचलिका

इच्छामिभंते! सिद्धभक्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं सम्मणाण-सम्मदंसण सम्मचारित्तजुत्ताणं, अट्ठविहकम्म-विप्पमुक्काणं, अट्ठगुणसंपण्णाणं, उड्ढलोय-मत्थयम्मि पयट्ठियाणं, तवसिद्धाणं, णयसिद्धाणं संजम-सिद्धाणं, चरित्तसिद्धाणं, अतीताणागद-वट्टमाणकालत्तय-

सिद्धाणं, सव्वसिद्धाणं, णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

जो आठ प्रकार के कर्मों से मुक्त हैं, जो आठ गुणों से सम्पन्न हैं, अनुपम हैं, अष्टम पृथ्वी में स्थित हैं तथा अपने समस्त कार्य को जिन्होंने समाप्त किया है, ऐसे सिद्धों को मैं नित्य नमस्कार करता हूँ॥ 1॥

जो तीर्थंकर होकर सिद्ध हुए हैं, जो तीर्थंकर न होकर सिद्ध हुए हैं, जो जल से, स्थल से अथवा आकाश से निर्वाण को प्राप्त हुए हैं, जो अंतकृत् होकर सिद्ध हुए हैं, जो अंतकृत् न होकर सिद्ध हुए हैं, जो उत्कृष्ट, जघन्य और मध्यम अवगाहना से सिद्ध हुए हैं, जो ऊर्ध्वलोक, अधोलोक व तिर्यग्लोक से सिद्ध हुए हैं, जो छह प्रकार के कालों में निर्वाण को प्राप्त हुए हैं, जो उपसर्ग सहकर अथवा बिना उपसर्ग के सिद्ध हुए हैं तथा जो द्वीप अथवा समुद्र से निर्वाण को प्राप्त हुए हैं, ऐसे समस्त सिद्धों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 2-3॥

जिन्होंने दो, तीन अथवा चार ज्ञानों के पश्चात् केवलज्ञान प्राप्त कर सिद्धपद प्राप्त किया है, जिन्होंने पाँचों अथवा परिहार-विशुद्धि से रहित शेष चार संयमों से सिद्ध पद प्राप्त किया है, जो संयम, सम्यक्त्व तथा ज्ञान आदि के द्वारा पतित होकर अथवा बिना पतित हुए सिद्ध हुए हैं, जो संहरण से अथवा संहरण के बिना ही सिद्ध हुए हैं अथवा उपसर्गवश साभरण अथवा निराभरण

सिद्ध हुए, जो समुद्घात से अथवा समुद्घात के बिना निर्वाण को प्राप्त हुए, जो खड्गासन अथवा पर्यंकासन से बैठकर सिद्ध हुए हैं, जिन्होंने कर्म-मल को नष्ट कर दिया है और जो उत्कृष्ट केवलज्ञान को प्राप्त हुए हैं, ऐसे समस्त सिद्धों को नमस्कार करता हूँ॥ 4-5॥

जो पुरुष भावपुरुष वेद का अनुभव करते हुए क्षपक श्रेणी पर आरूढ़ हुए अथवा भावस्त्री अथवा भावनपुंसक वेद के उदय से क्षपक श्रेणी पर आरूढ़ हुए वे शुक्लध्यान में तल्लीन होते हुए सिद्ध अवस्था को प्राप्त होते हैं॥ 6॥

जो प्रत्येकबुद्ध, स्वयंबुद्ध अथवा बोधितबुद्ध होकर सिद्ध होते हैं, उन सबको पृथक्-पृथक् अथवा एक साथ मैं सदा नमस्कार करता हूँ॥ 7॥

भावार्थ : जो वैराग्य का कोई कारण देखकर विरक्त होते हैं, वे प्रत्येक बुद्ध कहलाते हैं। जो किसी कारण के बिना देखे ही स्वयं विरक्त होते हैं, वे स्वयंबुद्ध कहलाते हैं और भोगों में आसक्त रहने वाले जो मनुष्य दूसरों के द्वारा समझाए जाने पर विरक्त होते हैं, वे बोधितबुद्ध कहलाते हैं।

पाँच, नौ, दो, अट्ठाईस, चार, तिरानवे, दो और पाँच इस प्रकार क्रम से ज्ञानावरणादि कर्मों की बावन कम दो सौ अर्थात् एक सौ अड़तालीस प्रकृतियों के क्षय से वे सिद्ध होते हैं॥ 8॥

वे सिद्ध भगवान् अतिशय, अव्याबाध, अनन्त, अनुपम, उत्कृष्ट, इन्द्रिय विषयों से अतीत, अप्राप्त अर्थात् जो पहले कभी

प्राप्त नहीं हुआ था तथा स्थायी सुख को प्राप्त हुए हैं ॥ 9 ॥

वे सिद्ध भगवान् लोकाग्र के मस्तक पर विराजमान हैं, चरम शरीर से किंचित् न्यून हैं तथा जिसके भीतर का मोम गल गया है साँचे के भीतरी भाग का जैसा आकार होता है, वैसे आकार से युक्त हैं ॥ 10 ॥

जरा, मरण और जन्म से रहित वे सिद्ध भगवान् समीचीन भक्ति युक्त मुझ कुन्दकुन्द को बुधजनों के द्वारा प्रार्थित तथा परम शुद्ध उत्कृष्ट ज्ञान का लाभ दें ॥ 11 ॥

जो बत्तीस दोषों से रहित, अत्यन्त शुद्ध कायोत्सर्ग करके अतिशय भक्ति से युक्त होता हुआ वंदना करता है, वह शीघ्र ही परम सुख को प्राप्त होता है ॥ 12 ॥

हे भगवन्! मैंने जो सिद्धभक्ति सम्बन्धी कायोत्सर्ग किया है, उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। जो सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र युक्त हैं, आठ प्रकार के कर्मों से सर्वथा रहित हैं, आठ गुणों से सहित हैं, ऊर्ध्वलोक के अग्रभाग पर स्थित हैं, नय से सिद्ध हैं, संयम से सिद्ध हैं, चारित्र से सिद्ध हैं, अतीत, अनागत और वर्तमानकाल सम्बन्धी सिद्ध हैं, ऐसे समस्त सिद्धों की मैं नित्य काल अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, उन्हें नमस्कार करता हूँ, मेरे दुःखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो, समाधिमरण हो और मुझे जिनेन्द्र भगवान् के गुणों की सम्प्राप्ति हो।

श्रुतभक्ति

सिद्धवरसासणाणं, सिद्धाणं कम्मचक्क-मुक्काणं।
काऊण णमुक्कारं, भत्तीए णमामि अंगाइं ॥1॥

अंगों के नाम

आयारं सुद्दयडं, ठाणं समवाय वियाहपण्णत्ती।
णादा धम्मकहाओ, उवासयाणं च अज्झयणं॥ 2॥
वंदे अंतयडदसं, अणुत्तरदसं च पण्हवायरणं।
एयारसमं च तहा, विवायसुत्तं णमंसामि॥ 3॥
परियम्मसुत्त-पढमाणुओग-पुव्वगयचूलिया चेव।
पवरवरदिट्ठिवादं, तं पंचविहं पणिवदामि।॥ 4॥
उप्पायपुव्व-अग्गायणीय वीरियत्थि णत्थि य पवादं।
णाणासच्चपवादं, आदा कम्मपवादं च॥ 5॥
पच्चक्खाणं विज्जाणुवाद-कल्लाणणा-मवरपुव्वं।
पाणावायं किरिया-विसालमध लोयबिन्दुसारसुदं॥6॥

पूर्वों में वस्तुनामक अधिकारों की संख्या

दस चउदस अट्ठट्ठारस, बारस तह य दोसु पुव्वेसु।
सोलस वीसं तीसं, दसमम्मि य पण्णरसवत्थू॥ 7॥
एदेसिं पुव्वाणं, जावदिओ वत्थुसंगहो भणिओ।
सेसाणं पुव्वाणं, दस दस वत्थू पडिवदामि॥ 8॥

वस्तु में प्राभृतों की संख्या

एक्केक्कम्मि य वत्थू, वीसं वीसं च पाहुडा भणिया।
विसमसमावि य वत्थू, सव्वे पुण पाहुडेवि समा॥ 9॥

चौदह पूर्वों में वस्तुओं और प्राभृतों की संख्या

पुव्वाणं वत्थुसयं, पंचाणउदी हवंति वत्थूओ।
पाहुड तिण्णि सहस्सा णवयसया चउदसाणं पि॥ 10॥
एवं मए सुदपवरा, भत्तीराएण सत्थुया तच्चा।
सिग्घं मे सुदलाहं, जिणवरवसहा पयच्छंतु॥ 11॥

अञ्चलिका

इच्छामि भंते! सुदभत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, अंगोवंग-पइण्णए पाहुड परियम्म सुत्त पढमाणुओग पुव्वगय चूलिया चेव सुत्तत्थवथुइ धम्मकहाइयं णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

जिनका उत्कृष्ट शासन लोक में प्रसिद्ध है तथा जो कर्मों के चक्र से मुक्त हो चुके हैं, ऐसे सिद्धों को नमस्कार कर मैं भक्तिपूर्वक बारह अंगों को नमस्कार करता हूँ॥ 1॥

आचार, सूत्रकृत, स्थान, समवाय, व्याख्याप्रज्ञप्ति, ज्ञातृधर्मकथा, उपासकाध्ययन, अंतःकृद्दश, अनुत्तरोपपाददश,

प्रश्नव्याकरण तथा ग्यारहवें विपाकसूत्र अंग को नमस्कार करता हूँ।

परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत और चूलिका ये पाँच दृष्टिवाद अंग के भेद हैं। मैं उक्त पाँच प्रकार के उत्कृष्ट दृष्टिवाद अंग को नमस्कार करता हूँ।

उत्पादपूर्व, अग्रायणीय, वीर्यप्रवाद, अस्तिनास्तिप्रवाद, ज्ञानप्रवाद, सत्यप्रवाद, आत्मप्रवाद, कर्मप्रवाद, प्रत्याख्यान, विद्यानुवाद, कल्याणनामपूर्व, प्राणावाद, क्रियाविशाल और लोकबिन्दुसार ये चौदह पूर्व हैं॥ 2-6॥

पहले पूर्व में दस, दूसरे पूर्व में चौदह, तीसरे पूर्व में आठ, चौथे पूर्व में अठारह, पाँचवें और छठवें इन दो पूर्वों में बारह-बारह, सातवें पूर्व में सोलह, आठवें पूर्व में बीस, नौवें पूर्व में तीस, दसवें पूर्व में पन्द्रह और शेष चार पूर्वों में दस-दस वस्तु नामक अधिकार हैं। इन पूर्वों में जितने वस्तु अधिकारों का संग्रह किया गया है, मैं उन सबको नमस्कार करता हूँ॥ 7-8॥

एक एक वस्तु नामक अधिकार में बीस-बीस पाहुड कहे गए हैं। वस्तु अधिकार तो विषम और सम दोनों प्रकार के हैं। जैसे किसी में चौदह, किसी में अठारह और किन्हीं में बारह-बारह आदि। परन्तु प्राभृतों की अपेक्षा सब वस्तु अधिकार समान हैं अर्थात् सब वस्तु अधिकार में प्राभृतों की संख्या एक समान

बीस-बीस हैं ॥ 9 ॥

चौदह पूर्वों के एक सौ पंचानवे वस्तु अधिकार होते हैं और पाहुड तीन हजार नौ सौ होते हैं ॥ 10 ॥

इस प्रकार मैंने भक्ति के राग से द्वादशांग रूप श्रेष्ठ श्रुत का स्तवन किया। जिनवर वृषभदेव मुझे शीघ्र ही श्रुत का लाभ देवें ॥ 11 ॥

हे भगवन्! मैंने जो श्रुतभक्ति सम्बन्धी कायोत्सर्ग किया है, उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। अंग, उपांग, प्रकीर्णक, प्राभृत, परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत, चूलिका तथा सूत्र, स्तव, स्तुति तथा धर्मकथा आदि की नित्यकाल अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, उन्हें नमस्कार करता हूँ। इसके फलस्वरूप मेरे दुःखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो, समाधिमरण हो और मुझे जिनेन्द्र भगवान् के गुणों की सम्प्राप्ति हो।

❑❑❑

चारित्र भक्ति

तिलोय सव्वजीवाणं, हिदं धम्मोवदेसिणं।
वड्ढमाणं महावीरं, वंदित्ता सव्ववेदिणं ॥1 ॥
घादिकम्मविघादत्थं,घादिकम्म-विणासिणा।
भासियं सव्वजीवाणं चारित्तं पंचभेददो ॥ 2 ॥

पाँच प्रकार का चारित्र

सामाइयं तु चारित्तं, छेदोवट्ठावणं तहा।
तं परिहारविसुद्धिं च, संजमं सुहुमं पुणो ॥ 3 ॥
जहाखादं तु चारित्तं, तहाखादं तु तं पुणो।
किच्चाहं पंचहाहारं, मंगलं मलसोहणं ॥ 4 ॥

मुनियों के मूलगुण तथा उत्तरगुण

अहिंसादीणि उत्ताणि, महव्वयाणि पंच य।
समिदीओ तदो पंच, पंच इंदियणिग्गहो ॥ 5 ॥
छब्भेयावास भूसिज्जा, अण्हाणत्तमचेलदा।
लोयत्ति ठिदिभुत्तिं च, अदंतधावणमेव च ॥ 6 ॥
एयभत्तेण संजुत्ता, रिसिमूलगुणा तहा।
दसधम्मा तिगुत्तीओ, सीलाणि सयलाणि च ॥ 7 ॥
सव्वेवि य परीसहा, उत्तुत्तरगुणा तहा।
अण्णो वि भासिया संता, तेसिं हाणि मए कया ॥ 8 ॥

जइ राएण दोसेण, मोहेणाणादरेण वा।
वंदित्ता सव्वसिद्धाणं, संजदा वा मुमुक्खुणा॥ 9॥
संजदेण मए सम्मं, सव्वसंजम-माविणा।
सव्वसंजम-सिद्धीओ, लब्भदे मुत्तिजं सुखं॥ 10॥

अंचलिका

इच्छामि भंते! चारित्तभत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, सम्मणाणुज्जोयस्स, सम्मत्ताहिट्ठियस्स, सव्वपहाणस्स, णिव्वाणमग्गस्स, कम्मणिज्जर-फलस्स, खमाहारस्स, पंचमहव्वय-संपुण्णस्स, तिगुत्तिगुत्तस्स, पंचसमिदि-जुत्तस्स, णाणज्झाण-साहणस्स, समयाइ-पवेसयस्स, सम्मचारित्तस्स णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइ-गमणं, समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

तीनों लोकों में समस्त जीवों का हित करने वाले, धर्मोपदेशक, सर्वज्ञ, वर्द्धमान महावीर को वंदना करके चारित्र भक्ति कहता हूँ। घातिया कर्म का विनाश करने वाले महावीर भगवान् ने घातिया कर्मों का विघात करने के लिए भव्य जीवों को पाँच प्रकार का चारित्र कहा है॥ 1-2॥

सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसाम्पराय और यथाख्यात, यह पाँच प्रकार का चारित्र है। इनमें यथाख्यात को तथाख्यात भी कहते हैं। मैं मल का शोधन करने वाले और

मंगलस्वरूप पाँच प्रकार का चारित्र धारण कर मुक्ति सम्बन्धी सुख को प्राप्त करता हूँ॥ 3-4॥

अहिंसा आदि पाँच महाव्रत कहे गये हैं, पाँच समितियाँ, पाँच इन्द्रियों का निग्रह, छह आवश्यक, भूमिशयन, अस्नान, अचेलता-वस्त्ररहितपना, लोच करना, स्थितिभुक्ति(खड़े-खड़े आहार लेना), अदंतधावन और एकभक्त (एक बार भोजन करना), ये मुनियों के मूलगुण कहे गये हैं। दश धर्म, तीन गुप्तियाँ, समस्त प्रकार के शील और सब प्रकार के परीषह से उत्तर गुण कहे गये हैं। इनके सिवाय और भी उत्तर गुण कहे गये हैं। यदि उनका पालन करते हुए मैंने उनकी हानि की तो.॥ 5-8॥

यदि राग से, द्वेष से, मोह से अथवा अनादर से उक्त मूलगुणों अथवा उत्तरगुणों में हानि पहुँची हो तो सम्यक् रीति से सम्पूर्ण संयम का पालन करने वाले मुझ संयमी मुमुक्षु को, सब सिद्धों को नमस्कार कर उस हानि का परित्याग करना चाहिए, क्योंकि सकल संयम से मुक्ति सम्बन्धी सुख प्राप्त होता है॥ 9-11॥

हे भगवन्! मैंने जो चारित्रभक्ति सम्बन्धी कायोत्सर्ग किया है, उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। जो सम्यग्ज्ञानरूप उद्योत (प्रकाश) से सहित है, सम्यग्दर्शन से अधिष्ठित (युक्त) है, सब में प्रधान है, मोक्ष का मार्ग है, कर्मनिर्जरा ही जिसका फल है, क्षमा ही जिसका आधार है, जो पाँच महाव्रतों से परिपूर्ण है, तीन गुप्तियों से गुप्त (सुरक्षित) है, पाँच समितियों से सहित

है, ज्ञान और ध्यान का साधन है तथा आगम आदि में प्रवेश कराने वाला है, ऐसे सम्यक् चारित्र की मैं नित्य ही अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, नमस्कार करता हूँ। इसके फलस्वरूप मेरे दुःखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो, समाधिमरण हो और मुझे जिनेन्द्र भगवान् के गुणों की सम्प्राप्ति हो।

❑❑❑

योगिभक्ति

थोस्सामि गुणधराणं, अणयाराणं गुणेहि तच्चेहिं।
अंजलिमउलि-यहत्थो, अभिवंदंतो सविभवेण ॥1॥
सम्मं चेव य भावे, मिच्छाभावे तहेव बोद्धव्वा।
चइऊण मिच्छभावे, सम्मामि उवट्ठिदे वंदे ॥2॥
दोदोस-विप्पमुक्के, तिदंडविरदे तिसल्ल-परिसुद्धे।
तिण्णिय-गारवरहिदे, तियरणसुद्धे णमंसामि ॥3॥
चउविहकसाय-महणे,चउगइसंसार-गमणभयभीए।
पंचासव-पडिविरदे, पंचिंदिय-णिज्जिदे वंदे ॥4॥
छज्जीवदयापण्णे,छडायदण-विवज्जिदे समिदभावे।
सत्तभय-विप्पमुक्के , सत्ताण-भयंकरे वंदे ॥5॥
णट्ठट्ठमयट्ठाणे, पणट्ठकम्मट्ठ-णट्ठसंसारे।
परमट्ठणिट्ठियट्ठे, अट्ठगुणड्ढीसरे वंदे ॥6॥

णव बंभचेरगुत्ते, णव णयसब्भाव-जाणवो वंदे।
दहविहधम्मट्ठाई, दससंजमसंजदे वंदे॥7॥
एयारसंगसुद-सायरपारगे बारसंग-सुदणिउणे।
बारसविह-तवणिरदे, तेरसकिरियादरे वंदे॥8॥
भूदेसु दयावण्णे, चउदस चउदससु गंथपरिसुद्धे।
चउदस-पुव्वपगब्भे, चउदसमल-वज्जिदे वंदे॥9॥
वंदे चउत्थभत्तादि जाव छम्मासखवण-पडिवण्णे।
वंदे आदावंते, सूरस्स य अहिमुहट्ठिदे सूरे॥10॥
बहुविहपडिमट्ठायी, णिसिज्जवीरास-णेक्कवासी य।
अणिट्ठीव-कंडुयवदे, चत्तदेहे य वंदामि॥11॥
ठाणी मोणवदीए, अब्भोवासी य रुक्खमूली य।
धुदकेससंसुलोमे, णिप्पडियम्मे य वंदामि॥12॥
जल्लमल्ल-लित्तगत्ते, वंदे कम्ममल-कलुसपरिसुद्धे।
दीहणह-मंसुलोमे, तवसिरिभरिये णमंसामि॥13॥
णाणोदयाहिसित्ते, सीलगुणविहूसिदे तपसुगंधे।
ववगयरायसुदड्ढे, सिवगइपहणायगे वंदे॥14॥
उग्गतवे दित्ततवे, तत्ततवे महातवे य घोरतवे।
वंदामि तवमहंते, तवसंजम-इड्ढिसंजुत्ते॥15॥
आमोसहिए खेलोसहिए जल्लोसहिए तवसिद्धे।

विप्पोसहिए सव्वोसहिए वंदामि तिविहेण ॥16॥
अमयमहुखीर-सप्पिसवीए अक्खीणमहाणसे वंदे।
मणबलि-वचबलि-कायबलिणो य वंदामि तिविहेण ॥17॥
वरकुट्ठबीयबुद्धी, पदाणुसारी य भिण्णसोदारे।
उग्गहईह-समत्थे, सुत्तत्थविसारदे वंदे ॥18॥
आभिणिबोहिय सुद ओहिणाणि मणणाणि सव्वणाणी य।
वंदे जगप्पदीवे, पच्चक्ख-परोक्खणाणी य ॥19॥
आयासतंतुजल-सेढिचारणे जंघचारणे वंदे।
विउवण-इड्ढिपहाणे,विज्जाहर-पण्णसवणे य ॥20॥
गइचउरंगुल-गमणे, तहेव फलफुल्ल-चारणे वंदे।
अणुवम-तवमहंते, देवासुर-वंदिदे वंदे ॥21॥
जियभयउवसग्गे जियइंदिय-परीसहे जियकसाए।
जियरागदोसमोहे, जियसुहदुक्खे णमंसामि ॥22॥
एवं मए अभित्थुया, अणयारा रागदोस-परिसुद्धा।
संघस्स वरसमाहिं, मज्झवि दुक्खक्खयं दिंतु ॥23॥

अञ्चलिका

इच्छामि भंते! योगिभत्ति-काउसग्गो कओ तस्सालोचेउं, अड्ढाइज्ज-दीवदोसमुद्देसु पण्णारस-कम्मभूमिसु आदावण-रुक्खमूल-अब्भोवास-ठाणमोण-वीरासणेक्क पास-कुक्कुडासण-चउत्थपक्ख-खवणादि-योगजुत्ताणं सव्व-

साहूणं णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि वंदामि णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहि-मरणं, जिणगुण-संपत्ति होऊ मज्झं।

अंजलि द्वारा दोनों हाथों को मुकुलित कर अपनी सामर्थ्य के अनुसार वंदना करता हुआ मैं गुणों के धारक अनगारों(योगियों-मुनियों) की परमार्थभूत गुणों के द्वारा स्तुति करता हूँ॥ 1॥

मुनि दो प्रकार के जानना चाहिए -एक, समीचीन भावों से सम्पन्न भावलिंगी और दूसरे, मिथ्या भाव से सम्पन्न द्रव्यलिंगी। इनमें मिथ्याभाव वाले द्रव्यलिंगियों को छोड़कर समीचीन भाव वाले (भावलिंगी) मुनियों की वंदना करता हूँ॥ 2॥

जो राग और द्वेष-इन दो दोषों से रहित हैं, जो मन, वचन, काय की प्रवृत्तिरूप तीन दण्डों से विरत हैं, जो माया, मिथ्या और निदान, इन तीन शल्यों से अत्यन्त शुद्ध अर्थात् रहित हैं, जो ऋद्धिगारव, रसगारव और सातगारव, इन तीन गारवों से रहित हैं तथा तीन करण-मन, वचन, काय की प्रवृत्ति से शुद्ध हैं, उन मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 3॥

जो चार प्रकार की कषायों का मनन करने वाले हैं, जो चतुर्गतिरूप संसार के गमन रूप भय से भीत हैं, जो मिथ्यात्व आदि पाँच प्रकार के आस्रव से विरत हैं और पंच इंद्रियों को जिन्होंने जीत लिया है, ऐसे मुनियों की मैं वंदना करता हूँ॥ 4॥

जो छह काय के जीवों पर दयालु हैं, जो छह अनायतनों (कुगुरु, कुदेव, कुधर्म और इनके सेवकों) से रहित हैं, जो शांत भावों को प्राप्त हैं, जो सात प्रकार (इहलोक, परलोक, अकस्मात्, वेदना, अत्राण, अगुप्ति और मरण) के भयों से मुक्त हैं तथा जो जीवों को अभय प्रदान करने वाले हैं, ऐसे मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 5 ॥

जिन्होंने ज्ञान-पूजा-कुल-जाति-बल-ऋद्धि-तप और शरीर सम्बन्धी आठ मदों को नष्ट कर दिया है, जिन्होंने ज्ञानावरणादि आठ कर्मों को तथा संसार को नष्ट कर दिया है, परमार्थ (मोक्ष) प्राप्त करना ही जिनका ध्येय है और जो अणिमा, महिमा आदि आठ गुण रूपी ऋद्धियों के स्वामी हैं, उन मुनियों की मैं वंदना करता हूँ॥ 6 ॥

जो मन, वचन, काय और कृत, कारित, अनुमोदना के भेद से नौ प्रकार के ब्रह्मचर्य से सुरक्षित हैं तथा जो नौ प्रकार (द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक तथा उनके नैगम-संग्रह आदि सात भेद इस तरह नौ) के नयों के सद्भाव को जानने वाले हैं, ऐसे मुनियों की वंदना करता हूँ। इसी प्रकार जो उत्तम क्षमा आदि दश प्रकार के धर्मों में स्थित हैं तथा जो दश प्रकार (एकेन्द्रियादि पाँच प्रकार के जीवों की रक्षा करना तथा स्पर्शनादि पाँच इंद्रियों को वश करना इस तरह दस भेद वाले) संयम से सहित हैं, उन मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 7 ॥

जो ग्यारह अंग रूपी श्रुतसागर के पारगामी हैं, जो बारह अंगरूप श्रुत में निपुण हैं, जो बारह प्रकार के तप में लीन हैं तथा जो तेरह प्रकार की क्रियाओं (पाँच महाव्रत, पाँच समिति और तीन गुप्तियों) का आदर करने वाले उन मुनियों की वंदना करता हूँ॥ 8॥

जो एकेन्द्रियादि चौदह जीवसमास रूप जीवों पर दया को प्राप्त हैं, जो मिथ्यात्व आदि चौदह प्रकार के अन्तरंग परिग्रह से रहित होने के कारण अत्यन्त शुद्ध हैं, जो चौदह पूर्वों के पाठी हैं तथा जो चौदह मलों से रहित हैं, ऐसे मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 9॥

जो चतुर्थभक्त अर्थात् एक दिन के उपवास से लेकर छह मास तक के उपवास करते हैं, उन मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ। जो दिन के आदि और अंत में सूर्य के सम्मुख स्थित होकर तपस्या करते हैं तथा कर्मों का निर्मूलन करने में जो शूर हैं, उन मुनियों की वंदना करता हूँ॥ 10॥

जो अनेक प्रकार के प्रतिमायोगों से स्थित रहते हैं, जो निषद्या, वीरासन और एक पार्श्व आदि आसन धारण करते हैं, जो नहीं थूकते तथा नहीं खुजलाने का व्रत धारण करते हैं तथा शरीर से जिन्होंने ममत्व भाव छोड़ दिया है, ऐसे मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 11॥

जो खड़े होकर ध्यान करते हैं, मौन व्रत का पालन करते

हैं, शीतकाल में आकाश के नीचे निवास करते हैं, वर्षाऋतु में वृक्ष के मूल में निवास करते हैं, जो केश तथा दाढ़ी और मूँछ के बालों का लोच करते हैं तथा जो रोगादि के प्रतिकार से रहित हैं ऐसे मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 12 ॥

जल्ल (सर्वांग मल) और मल्ल (एक अंग का मल) से जिनका शरीर लिप्त है, जो कर्मरूपी मल से उत्पन्न होने वाली कलुषता से रहित हैं, जिनके नख तथा दाढ़ी-मूँछों के बाल बढ़े हुए हैं और जो तप की लक्ष्मी से परिपूर्ण हैं, उन मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 13 ॥

जो ज्ञान रूप जल से अभिषिक्त हैं, शीलरूपी गुणों से विभूषित हैं, तप से सुगंधित हैं, राग रहित हैं, श्रुत से सहित हैं और मोक्षगति के नायक हैं, उन मुनियों की मैं वंदना करता हूँ॥14 ॥

जो उग्रतप, दीप्ततप, तप्ततप, महातप और घोरतप को धारण करने वाले हैं, तप के कारण इन्द्रादि के द्वारा पूजित हैं तथा जो तप, संयम और ऋद्धियों से सहित हैं, उन मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 15 ॥

जो आमौषधि, खेलौषधि, जल्लौषधि, विप्रुष् औषधि और सर्वौषधि के धारक हैं तथा तप से प्रसिद्ध अथवा कृतकृत्य हैं उन मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 16 ॥

अमृतस्रावी, मधुस्रावी, क्षीरस्रावी, सर्पिःस्रावी (घृतस्रावी)

ऋद्धियों के धारक, अक्षीणमहानस ऋद्धि के धारक तथा मनोबल, वचनबल और कायबल ऋद्धि के धारक मुनियों को मैं तीन प्रकार (मन, वचन, काय) से नमस्कार करता हूँ॥ 17॥

उत्कृष्ट कोष्ठबुद्धि, बीजबुद्धि, पदानुसारी और संभिन्न-श्रोतृत्व ऋद्धि के धारक, अवग्रह और ईहा ज्ञान में समर्थ तथा सूत्र के अर्थ में निपुण मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 18॥

मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी और सर्वज्ञानी अर्थात् केवलज्ञानी इस तरह जगत् को प्रकाशित करने के लिए प्रदीप स्वरूप प्रत्यक्षज्ञानी तथा परोक्षज्ञानी मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 19॥

आकाश, तंतु, जल तथा पर्वत की अटवी आदि का आलम्बन लेकर चलने वाले मुनियों को, जंघाचारण ऋद्धि के धारक, विक्रिया ऋद्धि के धारक, विद्याधर मुनियों को और प्रज्ञाश्रमण ऋद्धि के धारक मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 20॥

मार्ग में चार अंगुल ऊपर गमन करने वाले, फल और फूलों पर चलने वाले, अनुपम तप से पूजनीय तथा देव और असुरों के द्वारा वंदित मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 21॥

जिन्होंने भय को जीत लिया है, उपसर्ग को जीत लिया है, इन्द्रियों को जीत लिया है, परीषहों को जीत लिया है, कषायों को जीत लिया है, राग, द्वेष और मोह को जीत लिया है तथा सुख

और दुःख को जीत लिया है, उन मुनियों को मैं नमस्कार करता हूँ॥ 22॥

इस प्रकार मेरे द्वारा स्तुत राग-द्वेष से विशुद्ध अर्थात् रहित मुनि, संघ को उत्तम समाधि प्रदान करें और मेरे भी दुःखों का क्षय करें॥ 23॥

हे भगवन्! मैंने योगिभक्ति सम्बन्धी कायोत्सर्ग किया है। उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। अढ़ाईद्वीप, दो समुद्रों तथा पन्द्रह कर्मभूमियों में आतापनयोग, वृक्षमूलयोग, अभ्रावास (खुले आकाश के नीचे बैठना) योग, मौन, वीरासन, एकपार्श्व, कुक्कुटासन, उपवास तथा पक्षोपवास आदि योगों से युक्त समस्त साधुओं की नित्य ही अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, नमस्कार करता हूँ। उसके फलस्वरूप मेरे कर्मों का क्षय हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो, समाधिमरण हो और जिनेन्द्र भगवान् के गुणों की संप्राप्ति हो।

❑❑❑

आचार्यभक्ति

देसकुलजाइसुद्धा, विसुद्धमणवयण-कायसंजुत्ता।
तुम्हं पायपयोरुहमिह मंगलमत्थु मे णिच्चं॥1॥
सगपरसमय-विदण्हू, आगमहेदूहिं चावि जाणित्ता।
सुसमत्था जिणवयणे, विणये सत्ताणुरूवेण॥2॥

बालगुरुवुड्ढसेहे, गिलाणथेरे य खमणसंजुत्ता।
वट्टावयगा अण्णे, दुस्सीले चावि जाणित्ता॥3॥
वदसमिदि-गुत्तिजुत्ता, मुत्तिपहे ठावया पुणो अण्णे।
अज्झावय-गुणणिलये, साहुगुणेणावि संजुत्ता॥4॥
उत्तमखमाए पुढवी, पसण्णभावेण अच्छजलसरिसा।
कम्मिंधणदह-णादो, अगणी वाऊ असंगादो॥5॥
गयणमिव णिरुवलेवा, अक्खोवा सायरुव्व मुणिवसहा।
एरिसगुण-णिलयाणं, पायं पणमामि सुद्धमणो॥6॥
संसारकाणणे पुण,-बंभममाणेहि भव्वजीवेहिं।
णिव्वाणस्स हु मग्गो, लद्धो तुम्मं पसाएण॥7॥
अविसुद्ध-लेस्सरहिया, विसुद्धलेस्साहि परिणदा सुद्धा।
रुद्दट्ठे पुण चत्ता, धम्मे सुक्के य संजुत्ता॥8॥
उग्गहईहावाया-धारणगुणसंपदेहिं संजुत्ता।
सुत्तत्थभावणाए, भावियमाणेहिं वंदामि॥9॥
तुम्हं गुणगणसंथुदि, अजाणमाणेण जो मया वुत्तो।
देउ मम बोहिलाहं, गुरुभत्ति-जुदत्थओ णिच्चं॥10॥

अंचलिका

इच्छामि भंते! आयरियभत्ति-काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, सम्मणाणसम्मदंसण-सम्मचारित्तजुत्ताणं पंचविहाचाराणं आयरियाणं, आयारादि-सुदणाणो-वदेसयाणं उवज्झायाणं,

तिरयणगुण-पालणरयाणं सव्वसाहूणं, णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिणगुण-संपत्ति होउ मज्झं।

देश, कुल और जाति से विशुद्ध तथा विशुद्ध मन, वचन, काय से संयुक्त हे आचार्य! तुम्हारे चरणकमल मुझे इस लोक में नित्य ही मंगलरूप हों ॥ 1 ॥

वे आचार्य स्वसमय और परसमय के जानकार होते हैं, आगम और हेतुओं के द्वारा पदार्थों को जानकर जिनवचनों के कहने में अत्यन्त समर्थ होते हैं और शक्ति अथवा प्राणियों के अनुसार विनय करने में समर्थ रहते हैं ॥ 2 ॥

वे आचार्य बालक, गुरु, वृद्ध, शैक्ष्य, रोगी और स्थविर मुनियों के विषय में क्षमा से सहित होते हैं तथा अन्य दुःशील शिष्यों को जान कर सन्मार्ग में वर्ताते हैं अर्थात् लगाते हैं ॥ 3 ॥

वे आचार्य व्रत, समिति और गुप्ति से सहित होते हैं, अन्य जीवों को मुक्ति के मार्ग में लगाते हैं, उपाध्यायों के गुणों के स्थान होते हैं तथा साधु परमेष्ठी के गुणों से संयुक्त रहते हैं ॥ 4 ॥

वे आचार्य उत्तम क्षमा से पृथ्वी के समान, निर्मल भावों से स्वच्छ जल के सदृश हैं, कर्मरूपी ईंधन के जलाने से अग्नि स्वरूप हैं तथा परिग्रह से रहित होने के कारण वायु रूप हैं ॥ 5 ॥

वे मुनिश्रेष्ठ - आचार्य आकाश की तरह निर्लेप और

सागर की तरह क्षोभरहित होते हैं। ऐसे गुणों के घर आचार्य परमेष्ठी के चरणों को मैं शुद्ध मन से नमस्कार करता हूँ॥ 6॥

हे आचार्य! संसार रूपी अटवी में भ्रमण करने वाले भव्य जीवों ने आपके प्रसाद से निर्वाण का मार्ग प्राप्त किया है॥ 7॥

वे आचार्य अविशुद्ध अर्थात् कृष्ण, नील और कापोत लेश्या से रहित तथा विशुद्ध अर्थात् पीत, पद्म और शुक्ल लेश्याओं से युक्त होते हैं। रौद्र तथा आर्तध्यान के त्यागी और धर्म्य तथा शुक्लध्यान से सहित होते हैं॥ 8॥

वे आचार्य आगम के अर्थ की भावना से भाव्यमान अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा नामक गुणरूपी सम्पदाओं से संयुक्त होते हैं। उन्हें मैं नमस्कार करता हूँ॥ 9॥

हे आचार्य! आपके गुणसमूह की स्तुति को जानते हुए मैंने जो बहुत भारी भक्ति से युक्त स्तवन कहा है वह मेरे लिए निरन्तर बोधिलाभ अर्थात् रत्नत्रय की प्राप्ति प्रदान करे॥ 10॥

हे भगवन्! मैंने आचार्य भक्ति सम्बन्धी कायोत्सर्ग किया है। उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। जो सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र से युक्त हैं तथा पाँच प्रकार के आचार का पालन करते हैं ऐसे आचार्यों की, आचारांग आदि श्रुतज्ञान का उपदेश देने वाले उपाध्यायों की और रत्नत्रय रूपी गुणों के पालन करने में लीन समस्त साधुओं की मैं निरन्तर अर्चा करता हूँ, पूजा

करता हूँ, वंदना करता हूँ, नमस्कार करता हूँ। उसके फलस्वरूप मेरे दुःखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो, समाधिमरण हो और मेरे लिए जिनेन्द्र भगवान् के गुणों की सम्प्राप्ति हो।

❑❑❑

निर्वाणभक्ति

अट्ठावयम्मि उसहो, चंपाए वासुपुज्जजिणणाहो।
उज्जंते णेमिजिणो, पावाए णिव्वुदो महावीरो ॥1 ॥
वीसं तु जिणवरिंदा, अमरासुर-वंदिदा धुदकिलेसा।
सम्मेदे गिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥2 ॥
सत्तेव य बलभद्दा, जदुवणरिंदाण अट्ठकोडीओ।
गजपंथे गिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥3 ॥
वरदत्तो य वरंगो, सायरदत्तो य तारवरणयरे।
आहुट्ठय-कोडीओ, णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥4 ॥
णेमिसामी पज्जुण्णो, संबुकुमारो तहेव अणिरुद्धो।
बाहत्तर कोडीओ, उज्जंते सत्तसया सिद्धा ॥5 ॥
रामसुआ विण्णि जणा, लाडणरिंदाण पंचकोडीओ।
पावागिरिवरसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥6 ॥
पंडुसुआ तिण्णि जणा, दविडणरिंदाण अट्ठकोडीओ।
सत्तुंजयगिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥7 ॥

रामहणूसुग्गीवो, गवयगवक्खो य णील महणीला।
णवणवदीकोडीओ, तुंगीगिरिणिव्वुदे वंदे॥8॥
अंगाणंगकुमारा, विक्खापंचद्ध-कोडिरिसिसहिया।
सुवण्णगिरि-मत्थयत्थे,णिव्वाणगया णमो तेसिं॥9॥
दसमुहराअस्स सुआ, कोडीपंचद्धमुणिवरे सहिया।
रेवाउहयतडग्गे, णिव्वाणगया णमो तेसिं॥10॥
रेवाणइए तीरे, पच्छिमभायम्मि सिद्धवरकूडे।
दो चक्की दह कप्पे, आहुट्ठयकोडि णिव्वुदे वंदे॥11॥
वडवाणीवरणयरे, दक्खिणभायम्मि चूलगिरिसिहरे।
इंदजियकुंभकण्णो, णिव्वाणगया णमो तेसिं॥12॥
पावागिरिवरसिहरे, सुवण्णभद्दाइ मुणिवरा चउरो।
चेलणाणईतडग्गे, णिव्वाणगया णमो तेसिं॥13॥
फलहोडीवरगामे, पच्छिमभायम्मि दोणगिरिसिहरे।
गुरुदत्ताइ मुणिंदा, णिव्वाणगया णमो तेसिं॥14॥
णायकुमारमुणिंदो, वालिमहावालि चेव अज्झेया।
अट्ठावयगिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं॥15॥
अच्चलपुरवरणयरे, ईसाणभाए मेढगिरिसिहरे।
आहुट्ठयकोडीओ, णिव्वाणगया णमो तेसिं॥16॥
वंसत्थलम्मि णयरे, पच्छिमभायम्मि कुंथगिरिसिहरे।
कुलदेसभूसणमुणी, णिव्वाणगया णमो तेसिं॥17॥

जसहररायस्स सुआ, पंचसया कलिंगदेसम्मि।
कोडिसिला कोडिमुणी, णिव्वाणगया णमो तेसिं॥18॥
पासस्स समवसरणे, गुरुदत्तवरदत्त-पंचरिसिपमुहा।
रिस्सिंदीगिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं॥19॥
जे जिणु जित्थु तत्था, जे दु गया णिव्वुदिं परमं।
ते वंदामि य णिच्चं, तियरणसुद्धो णमंसामि॥20॥
सेसाणं तु रिसीणं, णिव्वाणं जम्मि जम्मि ठाणम्मि।
ते हं वंदे सव्वे, दुक्खक्खय-कारणट्ठाए॥21॥

अञ्चलिका

इच्छामि भंते! परिणिव्वाणभत्ति-काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं। इमम्मि अवसप्पिणीए पच्छिमे भाए आहुट्ठमासहीणे वासचउक्कम्मि सेसकम्मि, पावाए णयरीए कत्तियमासस्स किण्हचउद्दसिए रत्तीए सादीए णक्खत्ते पच्चूसे भयवदो महदिमहावीरो वड्ढमाणो सिद्धिं गदो, तिसु वि लोएसु भवणवासिय-वाणविंतर-जोइसिय-कप्पवासिय-त्ति चउव्विहा देवा सपरिवारा दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण पुप्फेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेण वासेण, दिव्वेण ण्हाणेण णिच्चकालं अच्चंति, पूजंति, वंदंति, णमंसंति, परिणिव्वाण-महाकल्लाणपुज्जं करंति अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं समाहि-मरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

अष्टापद (कैलाश पर्वत) पर ऋषभनाथ, चम्पापुर में वासुपूज्य, ऊर्जयन्तगिरि (गिरनार पर्वत) पर नेमिनाथ और पावापुर में महावीर स्वामी निर्वाण को प्राप्त हुए हैं ॥ 1 ॥

जो देव और असुरों के द्वारा वंदित हैं तथा जिन्होंने समस्त क्लेशों को नष्ट कर दिया है, ऐसे बीस जिनेन्द्र सम्मेदाचल के शिखर पर निर्वाण को प्राप्त हुए हैं, उन सबको नमस्कार हो ॥ 2 ॥

सात बलभद्र और आठ करोड़ यादववंशी राजा गजपंथा गिरि के शिखर पर निर्वाण को प्राप्त हुए हैं, उन्हें नमस्कार हो ॥ 3 ॥

वरदत्त, वरांग, सागरदत्त और साढ़े तीन करोड़ मुनिराज तारवर नगर में निर्वाण को प्राप्त हुए हैं, उन्हें नमस्कार हो ॥ 4 ॥

नेमिनाथ स्वामी, प्रद्युम्न, शंबुकुमार, अनिरुद्ध और बहत्तर करोड़ सात सौ मुनि ऊर्जयन्तगिरि पर सिद्ध हुए हैं ॥ 5 ॥

रामचन्द्र के दो पुत्र, लाट देश के पाँच करोड़ राजा पावागिरि के शिखर पर निर्वाण को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो ॥ 6 ॥

पाण्डु के तीन पुत्र (युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन) और आठ करोड़ द्रविड़ राजा शत्रुंजय गिरि के शिखर पर निर्वाण को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो ॥ 7 ॥

राम, हनुमान, सुग्रीव, गवय, गवाक्ष, नील, महानील तथा निन्यानवे करोड़ मुनिराज तुंगी पर्वत से निर्वाण को प्राप्त हुए, उन्हें वंदना करता हूँ॥ 8॥

अंग और अनंगकुमार साढ़े पाँच करोड़ प्रसिद्ध मुनियों के साथ सोनागिरि के शिखर से निर्वाण को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो॥ 9॥

दशमुख राजा अर्थात् रावण के पुत्र साढ़े पाँच करोड़ मुनियों के साथ रेवा नदी के दोनों तटों से मोक्ष को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो॥ 10॥

रेवा नदी के तीर पर पश्चिम भाग में स्थित सिद्धवर कूट पर दो चक्रवर्ती, दस कामदेव और साढ़े तीन करोड़ मुनिराज निर्वाण को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार करता हूँ॥ 11॥

वडवानी नगर के दक्षिण भाग में स्थित चूलगिरि के शिखर पर इन्द्रजीत और कुंभकर्ण निर्वाण को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो॥ 12॥

चेलना नदी के तट पर पावागिरि के उत्कृष्ट शिखर पर सुवर्णभद्र आदि चार मुनिराज मोक्ष को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो॥ 13॥

फलहोडी नामक उत्कृष्ट ग्राम के पश्चिम भाग में द्रोणगिरि के शिखर पर गुरुदत्त आदि मुनिराज निर्वाण को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो॥ 14॥

नागकुमार मुनिराज, बाली और महाबाली कैलास पर्वत के शिखर पर निर्वाण को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो॥ 15॥

अचलपुर (एलिचपुर) नामक उत्कृष्ट नगर की ऐशान दिशा में मेंढ्रगिरि (मुक्तागिरि) के शिखर पर साढ़े तीन करोड़ मुनिराज मोक्ष को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो॥ 16॥

वंशस्थल नगर के पश्चिम भाग में स्थित कुंथगिरि (कुंथलगिरि) के शिखर पर कुलभूषण-देशभूषण मुनि निर्वाण को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो॥ 17॥

यशोधर राजा के पाँच सौ पुत्र और एक करोड़ मुनि कलिंग देश में स्थित कोटिशिला से निर्वाण को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो॥ 18॥

भगवान् पार्श्वनाथ के समवसरण में गुरुदत्त, वरदत्त आदि पाँच मुनिराज रेशंदीगिरि के शिखर पर निर्वाण को प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो॥ 19॥

जो जिन जहाँ जहाँ से परम निर्वाण को प्राप्त हुए हैं, मैं उनकी वंदना करता हूँ तथा त्रिकरण (मन, वचन, काय) से शुद्ध होकर उन्हें नमस्कार करता हूँ॥ 20॥

शेष मुनियों का निर्वाण जिस-जिस स्थान पर हुआ है, दुःखों का क्षय करने के लिए मैं उन सबको नमस्कार करता हूँ॥ 21॥

हे भगवन्! मैंने निर्वाण भक्ति सम्बन्धी कायोत्सर्ग किया

है उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। इस अवसर्पिणी संबंधी चतुर्थकाल के पिछले भाग में साढ़े तीन माह कम चार वर्ष शेष रहने पर पावानगरी में कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में स्वाति नक्षत्र के रहते हुए प्रभातकाल में भगवान, महावीर अथवा वर्धमान स्वामी निर्वाण को प्राप्त हुए, उसके उपलक्ष्य में तीनों लोकों में जो भवनवासी, व्यंतर, ज्योतिषी और कल्पवासी के भेद से चार प्रकार के देव रहते हैं, वे सपरिवार दिव्य गंध, दिव्य पुष्प, दिव्य धूप, दिव्य चूर्ण, दिव्य सुगंधित पदार्थ और दिव्य स्नान के द्वारा निरन्तर उनकी अर्चा करते हैं, पूजा करते हैं, वंदना करते हैं, नमस्कार करते हैं और निर्वाण नामक महाकल्याण की पूजा करते हैं। मैं भी यहाँ रहता हुआ वहाँ स्थित उन निर्वाण क्षेत्रों की नित्यकाल अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, नमस्कार करता हूँ। इसके फलस्वरूप मेरे दुःखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो, समाधिमरण हो और मुझे जिनेन्द्र भगवान् के गुणों की सम्प्राप्ति हो।

❑❑❑

पंचगुरुभक्ति

मणुय-णाइंद-सुर-धरिय-छत्तत्तया,
पंचकल्लाण-सोक्खावली-पत्तया।
दंसणं णाण - झाणं अणंतं बलं,
ते जिणा दिंतु अम्हं वरं मंगलं ॥1॥
जेहिं झाणग्गि-बाणेहिं अइ-दड्ढयं,
जम्म-जर-मरण-णयरत्तयं दड्ढयं।
जेहिं पत्तं सिवं सासयं ठाणयं,
ते महं दिंतु सिद्धा वरं णाणयं ॥2॥
पंचहाचार - पंचग्गि- संसाहया,
वारसंगाइ-सुअ-जलहि-अवगाहया।
मोक्ख-लच्छी महंती महं ते सया,
सूरिणो दिंतु मोक्खंगया-संगया॥3॥
घोर - संसार - भीमाडवी - काणणे,
तिक्ख-वियराल-णह-पाव-पंचाणणे।
णट्ठ-मग्गाण जीवाण पह-देसिया,
वंदिमो ते उवज्झाय अम्हे सया ॥4॥
उग्ग-तव-चरण-करणेहिं झीणंगया,
धम्मवरझाण-सुक्केक्क-झाणंगया।
णिब्भरं तव-सिरीए समालिंगया,

साहवो ते महं मोक्ख-पह-मग्गया ॥5 ॥

एण थोत्तेण जो पंच-गुरु वंदए,

गुरुय-संसारघण-वेल्लि सो छिंदए ।

लहइ सो सिद्धिसोक्खाइं वरमाणणं,

कुणइ कम्मिंधणं पुंजपज्जालणं ॥6 ॥

अरुहा सिद्धाइरिया,उवज्झाया साहु पंच-परमेट्ठी।

एयाण णमोयारा, भवे भवे मम सुहं दिंतु ॥ 7 ॥

अञ्चलिका

इच्छामि भंते! पंचमहागुरुभत्ति-काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, अट्ठमहापाडिहेर-संजुत्ताणं अरहंताणं, अट्ठगुण-संपण्णाणं उड्ढलोय-मत्थयम्मि पइट्ठियाणं सिद्धाणं, अट्ठपवयण-माउसंजुत्ताणं आयरियाणं, आयारादि-सुयणाणो-वदेसयाणं उवज्झायाणं, तिरयणगुण-पालण-रयाणं सव्वसाहूणं णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

राजा, नागेन्द्र और सुरेन्द्र द्वारा जिनको छत्रत्रय लगाये गये हैं, पंचकल्याणकों के सुख-समूह को प्राप्त हैं, वे जिनेन्द्र हमारे लिए उत्कृष्ट मंगल स्वरूप अनंत दर्शन, अनंत ज्ञान, अनंत सुख और अनंत बल तथा उत्कृष्ट ध्यान को देवें॥ 1 ॥

जिन्होंने ध्यान रूपी अग्नि-बाणों द्वारा अत्यन्त दृढ़ जन्म-

जरा और मरण रूपी तीनों नगरों को जला डाला, जिन्होंने शाश्वत शिव स्थान को प्राप्त किया, वे सिद्ध भगवान् मुझे उत्तम ज्ञान प्रदान करें॥ 2॥

जो पाँच प्रकार के आचार रूपी पंचाग्नियों का साधन करते हैं, द्वादशांग रूपी समुद्र में अवगाहन करते हैं तथा जो आशाओं से रहित मोक्ष को प्राप्त हुए हैं, ऐसे आचार्य परमेष्ठी मेरे लिए सदा महति मोक्ष-लक्ष्मी को प्रदान करें॥ 3॥

जिसमें तीक्ष्ण विकराल नाखून वाले पापरूपी सिंह व्याप्त हैं, ऐसे घोर संसाररूपी भयंकर अटवी, वन में मार्ग भ्रष्ट जीवों को जो मार्ग के उपदेशक, मार्गदर्शक हैं, उन उपाध्याय को हम सदा वंदन करते हैं॥ 4॥

उग्र तपश्चरण करने से जिनका शरीर क्षीणता को प्राप्त हो गया है; उत्तम धर्मध्यान तथा प्रधान शुक्लध्यान को प्राप्त तथा तप रूपी लक्ष्मी से भारी आलिंगित हैं, वे साधुगण मेरे लिए मोक्ष पथ के मार्गदर्शक हों॥ 5॥

इस स्तोत्र से जो पंचगुरुओं की वंदना करता है वह गुरु (भारी, अनन्त)संसार रूपी सघन वेल को काट डालता और वह उत्तम जनों के द्वारा मान्य मोक्ष के सुखों को प्राप्त होता है और भी कर्म रूपी ईंधन समूह को प्रज्ज्वलित करता है अर्थात् जला डालता है॥ 6॥

अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु यह पाँच

परमेष्ठी हैं, इनका नमस्कार मुझे भव-भव में सुख देवें ॥ 7 ॥

हे भगवन्! मैंने पंचमहागुरुभक्ति संबंधी कायोत्सर्ग किया है। उसकी आलोचना करता हूँ। आठ महाप्रातिहार्यों से सहित अरहंत, आठ गुणों से सम्पन्न तथा ऊर्ध्वलोक के मस्तक पर स्थित सिद्ध, आठ प्रवचनमातृका से संयुक्त आचार्य, आचारांग आदि श्रुतज्ञान का उपदेश करने वाले उपाध्याय और रत्नत्रय रूपी गुणों के पालन करने में तत्पर सर्व साधुओं की मैं नित्यकाल अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ और नमस्कार करता हूँ। इसके फलस्वरूप मेरे दुःखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, रत्नत्रय की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो, समाधिमरण हो और जिनेन्द्र भगवान् के गुणों की सम्प्राप्ति हो।

❑❑❑

मुनि श्री द्वारा रचित, अनुवादित एवं सम्पादित कुछ विशिष्ट कृतियों की दिग्दर्शिका

1. **सागर बूँद समाय** – आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के विशिष्ट विचार-सूत्रों की एक संग्रहणीय कृति है। भक्ति, स्वाध्याय, साधना, धर्म, संस्कृति एवं सत् शिव सुन्दर रूप पाँच खण्डों में विभाजित 1245 बोध-वाक्यों की इस कृति का विमोचन भारत के राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा ने नवम्बर माह, सन् 1995 में भोपाल (म.प्र.) में किया था।
2. **महायोगी महावीर** – भगवान् महावीरस्वामी के जीवन दर्शन से सम्बन्धित संक्षिप्त सारगर्भित कृति है। भगवान् महावीर स्वामी के 2600 वें जन्म महोत्सव वर्ष पर इस कृति का आलेखन एवं प्रकाशन हुआ। महावीर से सम्बन्धित जानकारी के लिए इसे महावीर डिक्शनरी भी कहा जा सकता है।
3. **पर्युषण के दश दिन** – दशधर्मों की सरल सुबोध और सारगर्भित व्याख्या की एक प्रतिनिधि कृति है। पर्युषण के दिनों में त्यागी व्रती और विद्वानों के साथ-साथ सामान्य जन के भी काम आने वाली अनुपम कृति मुनिश्री के द्वारा सृजित है।
4. **अनुप्रेक्षा प्रवचन** – बारह भावनाओं पर दिए गये बारह प्रवचनों की एक मौलिक विशिष्ट कृति।
5. **हरियाली हिरदय बसी** – चातुर्मास काल में आने वाले पर्व, त्यौहारों या विभिन्न अवसरों पर प्रदत्त प्रवचनों का अनूठा संग्रह।
6. **जैन तत्त्वबोध** – जैनधर्म के आचार-विचार तथा ऐतिहासिक परम्पराओं के प्रामाणिक उल्लेखों से समन्वित यह कृति संक्षिप्त, सरल और सारगर्भित है। यह कृति निश्चित ही जैनधर्म के के.जी. से पी.जी. के कोर्स की पूर्ति करती है।

7. **दिगम्बर जैन मुनि** – मुनिचर्या को दर्शाने वाली एक सरल सुबोध कृति। दिगम्बर मुनि की दिनचर्या से जुड़े हुए विविध आयामी बिन्दुओं का व्यवहारिक और वैज्ञानिक विश्लेषण इस कृति में अपने आप में अनूठा है।

8. **कथा तीर्थंकरों की** – चौबीस तीर्थंकर भगवन्तों के तीन भवों से सम्बन्धित जीवन (कथानक) को रेखांकित करने वाली एक विशिष्ट कृति।

9. **शलाका पुरुष** – जैन परम्परा में वर्णित 63 शलाका पुरुषों के जीवन चरित्र को निरूपित करने वाली कृति।

10. **बारस अणुवेक्खा** – आचार्य प्रवर कुन्दकुन्द स्वामी विरचित इस ग्रन्थ का दोहानुवाद, अन्वयार्थ, भावार्थ सहित विशिष्ट प्रकाशन।

11. **भक्तामर प्रश्नोत्तरी** – आचार्य प्रवर मानतुंग विरचित संस्कृत स्तोत्र (भक्ति काव्य) का दोहानुवाद सहित प्रश्नोत्तरी ग्रन्थ। इसमें 48 काव्यों पर आधारित प्रश्नोत्तरी में प्रासंगिक विषय की विवेचना की गई है।

12. **स्तुति निकुंज** – अर्थ सहित विभिन्न स्तोत्र, पाठ आदि के रूप में संयोजित एक अत्यन्त उपयोगी कृति।

13. **बेजुवानों की बात** – दया, करुणा, शाकाहार जैसे मानवीय धर्मों की प्रस्तुति कारक एक विशिष्ट संग्रहणीय कृति, जिसमें कत्लखानों और हिंसा के दुष्परिणामों को दर्शाया गया है।

14. **पंचकल्याणक** – तीर्थंकर भगवन्तों के गर्भ, जन्म आदि अवसरों पर होने वाले प्रभावोत्पादक अतिशयकारी कल्याणक-कार्यों का कथन करने वाली सारगर्भित एक लघु पुस्तिका।

❑❑❑

आचार्य श्री विद्यासागरजी : एक परिचय

श्रमण संस्कृति के उन्नायक युगदृष्टा आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज बीसवीं सदी के प्रभावशाली आचार्य हैं। वि. सं. 2003 (10 अक्टूबर, 1946) की शरदपूर्णिमा को आपका जन्म सदलगा (बेलगाँव, कर्नाटक) में हुआ। 22 वर्ष की उम्र में आचार्य श्री ज्ञानसागरजी महाराज से मुनि दीक्षा प्राप्त कर, मात्र 4 वर्ष की अल्पावधि में (22 नवम्बर, 1972)आप, अपने गुरुवर द्वारा प्रदत्त आचार्य पद से अलंकृत हुए।

हित-मित-प्रिय उपदेशों से समाज में आचरण-बोध जगाते हुए आप ग्राम, नगर और तीर्थक्षेत्रों पर विहार कर रहे हैं। आपकेइस प्रवास से जर्जरित उपेक्षित तीर्थों का उद्धार तो हुआ ही, संघ की अभिवृद्धि भी हुई। जिसमें वर्तमान में त्रिशताधिक बाल ब्रह्मचारी साधु, साध्वियाँ और सहस्र ब्रह्मचारी-ब्रह्मचारिणियाँ वरदानी-छाया में साधनारत हैं। नैतिक और आध्यात्मिक स्तर को ऊँचा बनाने वाला हिन्दी/संस्कृत, काव्य/साहित्य का सृजन कर, आपने माँ भारती के भंडार को समृद्ध किया है। चिन्तन-साधना से प्रसूत 'मूकमाटी' महाकाव्य-सा अमृत-फल पाकर साहित्य जगत् स्वयं धन्य है।

कलम और कदम का फासला जिन्होंने लगभग खत्म कर दिया है। जिह्वा और जीवन में जिनके ऐक्य स्थापित हो चुका है। ऐसी विश्व की विरल विभूति विरागमूर्ति आगमधर आचार्य श्री में अनुकम्पा और अनुशासन की जीवंतता है। सर्वोदयी भावना से अनुप्राणित आचार्यश्री जिनशासन की अहिंसा को सेवा और करुणा से जोड़कर लोकचेतनावाही बन रहे हैं। मानवता के मसीहा आचार्यश्री सचमुच ही इस युग के अद्वितीय धर्म प्रभावक हैं।

कृतियाँ

- 7 संस्कृत शतक, 5 हिन्दी काव्य, 5 कविता संग्रह, 4 दोहा शतक।
- अनेक जैन ग्रन्थों का पद्यानुवाद।
- इंग्लिश, बंगला, कन्नड, मराठी, प्राकृत, अपभ्रंश आदि भाषाओं में स्फुट रचना।
- सर्वोदय, सिद्धोदय, मढ़ियाजी, बीना बारह, रामटेक एवं सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर, आदि अनेक दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्रों का जीर्णोद्धार एवं प्राचीन वास्तुशिल्प से नवनिर्माण।
- मानव सेवा का चिकित्सा संस्थान 'भाग्योदय' सागर (म.प्र.)
- प्रशासकीय प्रशिक्षण संस्थान (मढ़ियाजी, जबलपुर) को शुभाशीष एवं मार्गदर्शन।
- आचार्यश्री के साहित्य पर अनेक शोध प्रबन्ध एवं 'मूकमाटी' महाकाव्य पर देश/विदेश से लगभग 1000 समीक्षाएँ प्राप्त। विशिष्ट समीक्षाओं की संग्रह कृति 'मूकमाटी-मीमांसा' तीन खण्डों में, भारतीय ज्ञानपीठ दिल्ली से प्रकाशित।
- ब्राह्मी विद्या आश्रम सागर एवं मढ़ियाजी(जबलपुर) में साधनारत ब्रह्मचारिणी बहिनों को मार्गदर्शन एवं शुभाशीष प्राप्त।
- तिलवाराघाट (जबलपुर) स्थित दयोदय परिसर में ज्ञान-संस्कारों की स्थली 'प्रतिभास्थली' की स्थापना। स्नातकोत्तर उपाधि (बी. एड.) सम्पन्न ब्र. बहिनों द्वारा अध्यापन कार्य का शुभारम्भ।
- मध्यप्रदेश एवं अन्य प्रान्तों में 350 जैन पाठशालाओं में लगभग 25 हजार बालक बालिकाओं को धार्मिक ज्ञान-संस्कार पाने हेतु आशीर्वाद प्राप्त।
- जीवदया के अभ्यारण्य 'दयोदय' नाम से लगभग 90 गौशालाओं में 50-60 हजार जानवर शरण प्राप्त।
- शताधिक सल्लेखनारत त्यागी व्रती, महाव्रतियों की समाधि सम्पन्नता।
- बाल ब्रह्मचारी शिक्षित शिष्य समुदाय में 113 मुनि, 170 आर्यिका, 20 ऐलक-क्षुल्लकजी, ब्रह्म. भाई-बहिनें लगभग 1000 से अधिक।

मुनि श्री समतासागरजी : एक परिचय

13 जुलाई, 1962 (वि. सं. 2019) को नन्हीं देवरी (सागर, म. प्र.) में जन्मे मुनि श्री समतासागरजी नगर सागर (ग्रीष्मावकाश 1980) में आचार्य श्री का सान्निध्य पाकर प्रभावित हुए। सिद्धक्षेत्र मुक्तागिरि में संघ में सम्मिलित हो, ढाई वर्ष तक गुरुवर की आशीष-छाया में स्वाध्याय साधना करते रहे। शाश्वत् सिद्धक्षेत्र तीर्थराज सम्मेदशिखर (झारखण्ड) में 10 फरवरी, 1983 को ऐलक दीक्षा एवं इसी वर्ष निकटस्थ 'ईशरी' नगर में चातुर्मास के मध्य 25 सितम्बर (कुँवार वदी तीज) को जैनेश्वरी मुनि दीक्षा प्राप्त की। गुरुवर आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि श्री समतासागरजी कुशल वक्ता, एक अच्छे विचारक, लेखक और प्रभावी प्रवचनकार हैं। विभिन्न स्थलों पर चातुर्मास करके युवा पीढ़ी को संस्कारित कर आपने अभी तक जो धर्म प्रभावना की है, वह अद्भुत है।

पूर्व नाम : प्रवीणकुमार

माता-पिता : सौ. चन्द्ररानी(चिरौंजाबाई)-श्री राजाराम जैन

चाचा : शीतलचंद, उत्तमचंद, महेन्द्रकुमार, अजितकुमार जैन

शिक्षा : हायर सेकेण्डरी

संघ प्रवेश : सन् 1980 पर्युषण पर्व, सिद्धक्षेत्र मुक्तागिरि (म.प्र.)

बड़े भाई : इंजी. सुरेन्द्रकुमार, सौ. सुनीता जैन, बिलासपुर (छ.ग.)

बड़ी बहिन : सौ. माया - श्री सुरेश जैन, दमोह (म.प्र.)

छोटी बहिनें: ममताजी, आर्यिका संयममतिजी।
सुनीताजी, आर्यिका स्वभावमतिजी (संघस्थ- आर्यिका दृढ़मतिजी) एवं ब्र.बबीताजी (संयम मार्ग में साधनारत)

कृतियाँ

संयोजन : सागर बूँद समाय (विमोचन : राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा 1995 भोपाल), सर्वोदय सार, तेरा सो एक, श्रावकाचार कथा कुंज, स्तुति निकुंज, बेजुबानों की बात, सुप्रभाती, समाधितन्त्र, पर्युषण आराधना, स्वयंभूसार, आचार्य शान्तिसागर-सन्देश और समाधि, परमेष्ठी पूजन, निर्वाणभूमियाँ।

आलेखन : विलक्षण हैं दशलक्षण, सार संचय, समझें इसे हम वर्ष भर, शलाका पुरुष, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा, कथा तीर्थंकरों की, महायोगी महावीर (विमोचन-मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, सन् 2001, टीकमगढ़), द्रव्यसंग्रह प्रश्नोत्तरी, तीर्थंकर भगवान् ऋषभदेव, जैनधर्म : शास्ता और सिद्धान्त, चातुर्मास स्थापना विधि, वात्सल्य पूर्णिमा, मूकमाटी-मुक्ति की मंगल यात्रा।

प्रवचन : प्रवचन पथ, हरियाली हिरदय बसी, चातुर्मास के चार चरण, पर्युषण के दश दिन (विमोचन : राज्यपाल श्री महावीर भाई, सन् 1999, भोजपुर, भोपाल), अनुप्रेक्षा प्रवचन। अनेक जैनग्रंथों का दोहानुवाद। गीत, गजल, मुक्तक, कविता आदि विधाओं में अनेक काव्य संग्रह। मुनिश्री के साहित्य पर अब तक दो पी-एच.डी. हुई।

चातुर्मास : ईशरी (झारखण्ड), मढ़ियाजी (जबलपुर), अहारजी, पपौराजी, थूबौनजी, मढ़ियाजी, गुरु आज्ञा से पृथक् चातुर्मास - पिडरई, शहपुरा, सतना, विदिशा, रामटेक (आचार्यश्री के साथ), कटनी, भोपाल, गोटेगाँव, सागर, ललितपुर, उदयगिरि (विदिशा), टीकमगढ़, फिरोजाबाद, बहोरीबंद क्षेत्र, सिवनी, छिंदवाड़ा, नागपुर, कारंजा, वाशिम, सदलगा(कर्नाटक), इचलकरंजी, अकोला, जालना, पारोला (जलगाँव)।

गुरुवर साहित्य प्रकाशन

(स्थायी स्तंभ)

1. चौधरी रमेशचंद्र जैन, अशोकनगर (म.प्र.)
2. निर्मलचन्द सराफ, सतना
3. राजेन्द्र जैन (गृहशोभा), सतना
4. सिंघई अजितकुमार जैन, कटनी
5. स. सिंघई सुधीरकुमार जैन, कटनी
6. सोमचन्द जैन (लकी बुक डिपो), ललितपुर
7. प्रो. आर. के. जैन, विदिशा
8. छिकोड़ी लाल जैन, गोटेगाँव (म.प्र.)
9. रूपेन्द्र मोदी, नागपुर
10. संजय जैन, संजय क्रॉकरी, विदिशा
11. पवन जैन (कान्हीवाडा), नागपुर
12. श्रीमति शकुन्तला जैन (जैन मेडम), सिवनी
13. श्री अजित आदिनाथ केटकाळे, इचलकरंजी (महा.)
14. श्री प्रथमेश धामणे, इचलकरंजी (महा.)
15. सौ. किरण ऋषभ सिंघई (जैन सन्स) पुसद
16. कल्याण जैन (नेशनल टाईपिंग) विदिशा
17. नेमीचन्द जैन (महावीर ट्रेडर्स) शमशाबाद

18. अभय जैन (कॉन्ट्रॅक्टर), भोपाल
19. समता ग्रुप (शान्तिनाथ चैत्यालय), अकोला
20. श्रीमती बसंतीबाई गोपालराव काळे, अमरावती
21. इंजी. सुदर्शन राळेकर, कारंजा (लाड)
22. रमेशचन्द्र विनीतकुमार (ताले वाले) सागर
23. सौ.उज्ज्वला सुभाष उखळकर, वाशिम
24. स. सिंघई सुधीर जैन (छोटेदादू), कटनी
25. इंजी. विवेक जैन, दिल्ली
26. विनोद जैन (जानकार ग्लास), फिरोजाबाद
27. प्रमोद जैन, बड़ौत
28. विजय जैन, शहपुरा।

अन्य प्राप्ति स्थान

वर्धमान (गोल्डी) कटनी मो. 094251-52940, विनोद जैन पत्रकार, खुरई मो. 094254-52751, राजीव जैन (लकी बुक डिपो) ललितपुर मो. 098380-20202, सोनू सिंघई नागपुर मो. 094234-01297, वीरेन्द्र सिंगलकर, नागपुर मो. 09422807850, ब्र. तात्याजी, वीराचार्य भवन, सांगली मो.094226-16167, सुदेश गुळकरी, कारंजा मो. 098505-51302, पारस तोरावत, अकोला मो. 091751-75096 धनराज जैन, जालना, मो. 9423748733।